पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 4 ◆ रायपुर 20 अगस्त 2023 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

# भारत 'विश्व मित्र' बनकर उभरा है, उसकी उपलब्धियां दुनिया में स्थिरता ला रही हैं: मोदी





नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विविध क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां दुनिया में स्थिरता ला रही हैं और वह 'विश्व मित्र' के रूप में उभरा है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद का उल्लेख करते हुए इसे अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धि बतायी।

लाल किले की प्राचीर से 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''भारत के सामर्थ्य को लेकर भारतीयों और दुनिया के मन में कोई किन्तु, परंतु नहीं है और विकास को लेकर देश का दृष्टिकोण वैश्विक कल्याण होना चाहिए।''

आज जी-20 सम्मेलन की मेजबानी करने का भारत को अवसर मिला है। पिछले एक साल से देश के हर कोने में जिस प्रकार से जी-20 के अनेक आयोजन व कार्यक्रम हुए हैं, उसने देश के सामान्य लोगों के सामर्थ्य से दुनिया को परिचित करवाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भारत ने जिस प्रकार से देश को आगे बढ़ाया है, दुनिया ने देश के सामर्थ्य को देखा है। उन्होंने कहा, ''जब दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला तहस-नहस हो गई थी, बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव था, उस समय भी हमने कहा था हमें विश्व का विकास देखना है, तो वो मानव केंद्रित होना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद एक नयी विश्व व्यवस्था, एक नया भू राजनीतिक समीकरण बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, ''भू राजनीतिक समीकरण की सारी व्याख्याएं बदल रही हैं, परिभाषाएं बदल रही हैं। और ऐसे में विश्व को आकार देने में आज 140 करोड़ देशवासियों का सामर्थ्य नजर आ रहा है। आप निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं।'' उन्होंने कहा कि आज भारत ग्लोबल साउथ की आवाज बन रहा है, भारत की समृद्धि, विरासत आज दुनिया के लिए एक अवसर बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में, आपूर्ति श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है, भारत में परिस्थिति पैदा हुई है, भारत ने जो कमाया है, वह दुनिया में स्थिरता की गारंटी ले करके आया है। उन्होंने कहा, '' अब न हमारे मन में, न 140 करोड़ लोगों के मन में और न ही दुनिया के मन में कोई किंतु, कोई परंतु है, विश्वास बन चुका है।''

*मोदी ने कहा, ''अब गेंद हमारे पाले में है, हमें अवसर जाने नहीं देना चाहिए, हमें मौका छोड़ना नहीं चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने करीब 90 मिनट के अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन, आर्थिक मंदी सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा, ''विश्वभर में भारत की चेतना के प्रति, भारत के सामर्थ्य के प्रति एक नया आकर्षण, एक नया विश्वास पैदा हुआ है। ये प्रकाशपुंज भारत से उठा है, जो विश्व अपने लिए ज्योति के रूप में देख रहा है।'' मोदी ने कहा, ''मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले पांच साल में मोदी की गारंटी है।*



## खुलेआम जुआ खेलते तीन लोग धरे गये



**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के सख्त निर्देश के बाद असामाजिक गतिविधियों मे लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। शहर पुलिस ने गश्ती के दौरान हथनीपारा महावीर वार्ड स्थित नवधा मंडप के पीछे सार्वजनिक रूप से जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है उसके पास से ताश के 52 पत्ती व मात्र 420 रूपये की राशि जब्त की गई। पकडे गये जुआरियो मे रतनलाल यादव सहित तीन लोगों के विरूद्ध धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही मे सुरेन्द्र सिंग व पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।

## मॉडीफाई सायलेंसर लगाकर बुलेट चलाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही



**भाटापारा।** शहर थानेदार योगिताबाली खापर्डे एवं यातायात प्रभारी मनोहर लाल कंवर के संयुक्त नेतृत्व मे यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे यातायात नियमो का उल्लंघन करने के आरोप मे 13 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इसी तरह फर्राटे भर रहे करकस आवाज के साथ मॉडीफाई सायलेंसर के साथ एक बुलेट वाहन दौड़ा रहे युवक के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये उसके बुलेट का सायलेंसर निकाला गया पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन के सायलेंसर से किसी भी प्रकार के छेड़छाड़ न करें क्योकि मॉडीफाई सायलेंसर लगाना मोटरयान अधिनियम के तहत नियम का उल्लंघन है इसके तहत जुर्माने का प्रावधान है मॉडीफाई सायलेंसर लगे वाहनो पर दंण्डात्मक कार्यवाही करते हुये वाहन जब्ती की भी कार्यवाही की जायेगी।

## खापर्डे ने आटो चालकों की बैठक ली



**भाटापारा।** शहर थानेदार योगिताबाली खापर्डे ने नगर मे आटो चलाने वाले लोगों की बैठक ली जिसमे उन्होने आटो वालो को हिदायत देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर वे तुरंत थाना मे सूचना देवें क्योकि भाटापारा शहर रेल्वे के मुख्य मार्ग पर स्थित है इसलिये अपराध करने वाले दोनो दिशाओं मे ट्रेन के जरिये इधर उधर जा सकत है इसलिये संदेहजनक व्यक्ति के दिखने पर वे पुलिस को सूचित करें। बैठक मे खापर्डे ने यातायात नियमो का पालन करने निश्चित पार्किंग स्थल मे व्यवस्थित रूप से वाहन पार्क करने तथा नशे की हालत मे वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी साथ हीं थानेदार ने यात्रियों से सम्मान जनक व्यवहार करते हुये सवारी ढोने की अपील की जिस पर आटो चालकों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

## भूपेश सरकार को आड़े हाथ लिया

# भाटापारा में भाजपा का जंगी प्रदर्शन एसडीएम कार्यालय का घेराव किया शिवरतन ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश मे सतारूढ कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल मे भ्रष्टाचार, माफिया राज व शोषण का हीं बोलबाला है। उक्त आरोप क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने लगाते हुये कहा है कि पौने पांच साल के कार्यकाल मे प्रदेश मे कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया है। विधायक शिवरतन शर्मा ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुये प्रदर्शन किया। उसके बाद दूर दराज से आये लोगों को संबोधित करते हुये शिवरतन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद जबरन दी जा रही है जिसकी वजह से प्रदेश के किसान परेशान नजर आ रहे हैं। फर्जी खाद को फर्जी सरकार द्वारा किसानों पर थोपने का कार्य किया जा रहा है। वहीं किसानों से दो रुपये किलो गोबर लेकर उन्हीं को दस रुपये किलो खाद के रूप में मिट्टी को बेचकर भूपेश सरकार ठगने का काम कर रही है। उन्होने आगे कहा कि शराबबंदी का वादा करके यह कांग्रेसी शराब में ही दो हजार करोड़ का घोटाला 1 साल में कर गये। भूपेश बघेल जनता से उनकी आवास का हक छीनने की कोशिश में लगे है।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधायक शर्मा अपने समर्थको के साथ स्वयं ट्रेक्टर चलाते हुये एसडीएम कार्यालय पहुंचे व वहां पर घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उक्त कार्यक्रम में ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सूर्यकांत राठौर, राकेश तिवारी, सुनील यदू, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, महाबल बघेल, राजा कामनानी व आशीष जायसवाल सहित भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीण कार्यकर्ता शामिल थे।

# राष्ट्रीय पर्व पर जगह जगह उत्साह के साथ तिरंगा फहराया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर जगह जगह राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया नगर पालिका मे अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने एक गरिमामय कार्यक्रम मे ध्वज फहराया इस अवसर पर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, अजा आयोग सदस्य गणेश सिंग ध्रुव, विनोद अग्रवाल, सीएमओ लाल अजय बहादुर सिंग सहित पार्षद सिरीज जांगडे, भुलुराम कुर्रे, त्रिलोक सलूजा, नेम तिवारी सहित अनेक नेता व कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस भवन शहीद स्मारक भवन मे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दुखीराम कुर्रे ने ध्वज फहराया। उक्त अवसर पर कांग्रेस के तमाम नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं फिल्टर प्लांट मे पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंग सलूजा ने ध्वजारोहण



किया। पेंशनधारी कल्याण संघ सुभाष बाजार स्थित कार्यालय मे भी पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंग सलूजा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। उक्त अवसर पर पेंशनर रघुनाथ प्रसाद पटेल की मांग पर पालिका उपाध्यक्ष ने पेंशनर भवन के लिये एक आलमारी की सौगात दी। उक्त कार्यक्रम मे आशाराम अनंत, आरके वर्मा, सेवाराम वर्मा, रमेश वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, सुखनंदन कोशले, अशोक पंत, अशोक महिलांग, राधाचरण शुक्ला, उमराव सिंग रात्रे, दिलीप सिंग बिसेन, परेटन साहू, मनटोरा यदू, कमल नारायण यदू, शिव वर्मा, पुनीत सेन, भागीरथी वर्मा, सुशीला वर्मा, राजाराम यादव, कुमारी साहू, एमके कुलदीप, धनीराम साव, गणेश वर्मा, अमरनाथ मिश्रा, डीपी वर्मा, महेश वर्मा, सालिकराम साहू व नारायण साहू सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

ग्राम दतरेंगी मे भी स्वतंत्रता पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया उक्त अवसर पर बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को नगद राशि व स्मृति तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त अवसर पर हरप्रसाद वर्मा, हुलासराम साहू, उपेन्द्र शर्मा, गजनाथ वर्मा, अनिल वर्मा, धनेश वर्मा, जोगिता यदु, किरण वर्मा, गायत्री वर्मा, नेहा रानी, अंजू ध्रुव, नगीना देशलहरा, राजेन्द्र चेलक, दिनेश वर्मा, नवीन फ्लिीप, छबील रामटेके, रमाबाई शिंदे, सरस्वती रजक, रामरतन डांडेकर, लोकनाथ साहू, द्वारिका यादव, टीकाराम साहू, घनश्याम साहू, निर्जला साहू, शैलेन्द्र साहू व निशा साहू सहित बडी संख्या मे छात्र-छात्रा व पालकगण उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम लमती मे स्वतंत्रता पर्व पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे कन्हैया साहू, तिरिथ राम बांधे, दीपक कैवर्त्य, बेदराम ध्रुव, रोहिणी ध्रुव, सविता ध्रुव, रमा निषाद, फिरंता निषाद, भागवत निषाद, पुरूषोत्तम निषाद, सुंदर निषाद, कांति निषाद, दुलौरिन निषाद, खेमचंद, रोहित, लछू ध्रुव, महेश निषाद, रामकुमारी, अनिता व रामकली ध्रुव सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम पेन्ड्री मे भी आजादी के पर्व पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केके देवांगन ने ध्वज फहराया उक्त अवसर पर केशव यदु, प्रभाकर, बंशी वर्मा, डमरू यदु व बलराम साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी मौजूद थे।

# अंततः लूट का आरोपी पुलिस के शिकंजे में फंसा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा पुलिस ने लूटपाट के एक प्रकरण मे आरोपी को पकड़ने मे सफलता हासिल की है। उक्त संबंध मे पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 15 अगस्त को ग्राम चमारी निवासी ओमकार प्रसाद भटट अपने साढू भाई के पास मिलकर ग्राम परसवानी कलमीडीह से वापस अपने घर चमारी जा रहा था कि ग्राम सुरखी सब्जी मंडी के पास एक व्यक्ति ने आगे रास्ते तक छोड देने की बात कहकर लिफ्ट मांगकर ओमकार प्रसाद भटट के दुपहिया वाहन के पीछे बैठ गया व कुछ देर आगे चलने के बाद हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास उसे रोककर अपने हाथ मे पहने चूड़ा से उसके सिर पर वार कर दिया व पैसे की मांग करने लगा। ओमकार प्रसाद भटट के द्वारा पैसा नहीं




दिये जाने पर वह उसके मोटरसायकल को लूटकर भाग खड़ा हुआ। इस घटना की रिपोर्ट पुलिस मे दर्ज होने के बाद टीआई अमित पाटले ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की व सीसी टीवी सर्विलांस कैमरे का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुये घटना के संबंध मे पटपर चौक से मुढीपार गांव की ओर भागते हुये दिखे एक सख्श को पहचानने की कोशिश की जिसमे उक्त हुलिये की पहचान ग्राम मुढीपार निवासी नवनीत ध्रुव के रूप मे की गई जहां पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तब उसने सारी घटना मे शामिल होने की बात कबूल करते हुये घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की व घटना मे लूटी हुई मोटरसायकल को बरामद करवाया। आरोपी नवनीत ध्रुव के विरूद्ध धारा 394 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त लूट के आरोपी को पकड़ने मे सीसी टीवी सर्विलांस के विनोद सिंग, जीतराम पटेल, गौरी शंकर कश्यप व अजय साहू की उल्लेखनीय भूमिका रहीं।


# पत्नि ने पति के खिलाफ लिखाई चोरी की रिपोर्ट

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** जनपद पंचायत मे पदस्थ एडीओ के निवास मे चोरी की घटना की रिपोर्ट लिखाई गई है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के एडीओ आदिति मिश्रा ने पुलिस मे रिपोर्ट लिखाते हुये कहा है कि उसके केके वार्ड स्थित निवास का दरवाजा तोड़कर उसके पति विनय मिश्रा के उकसाने पर उनके बडे पुत्र अभिनव एवं विनय मिश्रा के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। उक्त संबंध मे आदिति मिश्रा ने कहा है कि पति विनय मिश्रा द्वारा मारपीट किये जाने पर उन्होने अपने बडे भाई अभिषेक तिवारी एवं पिता अशोक तिवारी को फोन कर सूचित किया जिससे वे चकरभांठा से भाटापारा पहुंचे व इस लड़ाई पर विनय मिश्रा व अभिनव मिश्रा को समझाईस दे रहे थे इसी दौरान विनय मिश्रा आक्रोशित होकर गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया व आदिति मिश्रा के पिता अशोक तिवारी के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट करने लगा इस घटना के बाद आदिति मिश्रा अपने घर मे ताला लगाकर अपने पिता के साथ ईलाज कराने चकरभांठा मायके चली गई वहां से वापस आने पर आदिति मिश्रा ने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है व घर के अंदर सारे सामान अस्त व्यस्त बिखरे पडे है साथ हीं आलमारी का दरवाजा एवं लॉकर भी खुला हुआ था जिसमे रखे दो नग सोने का हार, दो नग सोने का कंगन, दो नग सोने की अंगूठी एवं एक नग सोने की बिंदी गायब थे साथ हीं आवश्यक कागजात एवं पेन ड्राईव जिसमे महत्वपूर्ण जानकारी थी वह गायब था घर से एक बजाज इंडक्शन भी नहीं था जिस पर आदिति मिश्रा ने अपने पति विनय मिश्रा पर संदेह जाहिर करते हुये शहर थाना मे रिपोर्ट दर्ज करायी है जिस पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## ऐतिहासिक धूर्तता

45 साल के महात्मा गाँधी 1915 में भारत आते हैं, 2 दशक से भी ज्यादा दक्षिण अफ्रीका में बिता कर। इससे 4 साल पहले 28 वर्ष का एक युवक अंडमान में एक कालकोठरी में बन्द होता है। अंग्रेज उससे दिन भर कोल्हू में बैल की जगह हाँकते हुए तेल पेरवाते हैं, रस्सी बटवाते हैं और छिलके कूटवाते हैं। वो तमाम कैदियों को शिक्षित कर रहा होता है, उनमें राष्ट्रभक्ति की भावनाएँ प्रगाढ़ कर रहा होता है और साथ ही दीवालों कर कील, काँटों और नाखून से साहित्य की रचना कर रहा होता है। उसका नाम था- विनायक दामोदर सावरकर। वीर सावरकर।



उन्हें आत्महत्या के ख्याल आते। उस खिड़की की ओर एकटक देखते रहते थे, जहाँ से अन्य कैदियों ने पहले आत्महत्या की थी। पीड़ा असह्य हो रही थी। यातनाओं की सीमा पार हो रही थी। अंधेरा उन कोठरियों में ही नहीं, दिलोदिमाग पर भी छाया हुआ था। दिन भर बैल की जगह खटो, रात को करवट बदलते रहो। 11 साल ऐसे ही बीते। कैदी उनकी इतनी इज्जत करते थे कि मना करने पर भी उनके बर्तन, कपड़े वगैरह धो देते थे, उनके काम में मदद करते थे। सावरकर से अँग्रेज बाकी कैदियों को दूर रखने की कोशिश करते थे। अंत में बुद्धि को विजय हुई तो उन्होंने अन्य कैदियों को भी आत्महत्या से विमुख किया।

लेकिन नहीं, महा गँवारों का कहना है कि सावरकर ने मर्सी पेटिशन लिखा, सॉरी कहा, माफ़ी माँगी..ब्ला-ब्ला-ब्ला। मूर्खों, काकोरी कांड में फँसे क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान ने भी माफ़ी माँगी थी, तो? उन्हें भी डरपोक करार दोगे? बताओ। उन्होंने भी माफ़ी माँगी थी अंग्रेजों से। क्या अब इस कसौटी पर ांतिकारियों को तौला जाएगा शेर जब बड़ी छलाँग लगाता है तो कुछ कदम पीछे लेता ही है। उस समय उनके मन में क्या था, आगे की क्या रणनीति थी- ये आज कुछ लोग बैठे-बैठे जान जाते हैं। कौन ऐसा स्वतंत्रता सेनानी है जिसे 11 साल कालापानी की सज़ा मिली हो। नेहरू गाँधी कौन?

नानासाहब पेशवा, महारानी लक्ष्मीबाई और वीर कुँवर सिंह जैसे कितने ही वीर इतिहास में दबे हुए थे। 1857 को सिपाही विद्रोह बताया गया था। तब इसके पर्दाफाश के लिए 20-22 साल का एक युवक लंदन की एक लाइब्रेरी का किसी तरह एक्सेस लेकर और दिन-रात लग कर अँग्रेजों के एक के बाद एक दस्तावेज पढ़ कर सच्चाई की तह तक जा रहा था, जो भारतवासियों से छिपाया गया था। उसने साबित कर दिया कि वो सैनिक विद्रोह नहीं, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। उसके सभी अमर बलिदानियों की गाथा उसने जन-जन तक पहुँचाई। भगत सिंह सरीखे क्रांतिकारियों ने मिल कर उसे पढ़ा, अनुवाद किया।

दुनिया में कौन सी ऐसी किताब है जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया गया था अँग्रेज कितने डरे हुए थे उससे कि हर वो इंतजाम किया गया, जिससे वो पुस्तक भारत न पहुँचे। जब किसी तरह पहुँची तो ांति की ज्वाला में घी की आहुति पड़ गई। कलम और दिमाग, दोनों से अँग्रेजों से लड़ने वाले सावरकर थे। दलितों के उत्थान के लिए काम करने वाले सावरकर थे। 11 साल कालकोठरी में बंद रहने वाले सावरकर थे। हिंदुत्व को पुनर्जीवित कर के राष्ट्रवाद की अलख जगाने वाले सावरकर थे। साहित्य की विधा में पारंगत योद्धा सावरकर थे।

आज़ादी के बाद क्या मिला उन्हें? अपमान। नेहरू व मौलाना अबुल कलाम जैसों ने तो मलाई चाटी सत्ता की, सावरकर को गाँधी हत्या केस में फँसा दिया। गिरफ़्तार किया। पेंशन तक नहीं दिया। प्रताड़ित किया। 60 के दशक में उन्हें फिर गिरफ्तार किया, प्रतिबंध लगा दिया। उन्हें सार्वजनिक सभाओं में जाने से मना कर दिया गया। ये सब उसी भारत में हुआ, जिसकी स्वतंत्रता के लिए उन्होंने अपना जीवन खपा दिया। आज़ादी के मतवाले से उसकी आज़ादी उसी देश में छीन ली गई, जिसे उसने आज़ाद करवाने में योगदान दिया था। शास्त्री जी PM बने तो उन्होंने पेंशन का जुगाड़ किया।

वो कालापानी में कैदियों को समझाते थे कि धीरज रखो, एक दिन आएगा जब ये जगह तीर्थस्थल बन जाएगी। आज भले ही हमारा पूरे विश्व में मजाक बन रहा हो, एक समय ऐसा होगा जब लोग कहेंगे कि देखो, इन्हीं कालकोठरियों में हिंदुस्तानी कैदी बन्द थे। सावरकर कहते थे कि तब उन्हीं कैदियों की यहाँ प्रतिमाएँ होंगी। आज आप अंडमान जाते हैं तो सीधा वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते हैं। सेल्युलर जेल में उनकी प्रतिमा लगी है। उस कमरे में प्रधानमंत्री भी जाकर ध्यान धरता है, जिसमें सावरकर को रखा गया था। सावरकर का अपमान करने का अर्थ है अपने ही थूक को ऊँट के मूत्र में मिला कर पीना।

**हजारो झूले थे फंदे पर, लाखों ने गोली खाई थी**
**क्यों झूठ बोलते थे साहब, चरखे से आजादी आई थी....**

# तकनीकः पाइरेसी के विरुद्ध पहल, कानून में बदलाव से अंकुश लगने की उम्मीद



फिल्म गदर 2 रिलीज होने के दिन ही ऑनलाइन लीक हो गई। फिल्म का एचडी प्रिंट विभिन्न टोरेंट साइट्स पर रिलीज कर दिया गया। यह फिल्म तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम, फिल्मजिला और मूवीरुल्ज जैसी पाइरेसी वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। पूरी दुनिया में पाइरेसी (गैर कानूनी नकल) एक बड़ी समस्या है और इंटरनेट ने इसे और भी जटिल बना दिया है। सॉफ्टवेयर पाइरेसी से शुरू हुआ यह सफर फिल्म, संगीत, धारावाहिकों तक पहुंच गया है।

इंटरनेट के आगमन ने इसमें तेजी ला दी है। हमारे देश में इंटरनेट का प्रसार बहुत तेजी से हो रहा है। साथ ही ऑनलाइन पाइरेसी का कारोबार भी उच्च गति वाले इंटरनेट स्मार्टफोन के जरिये हाथोंहाथ पहुंच रहा है। पाइरेसी के काम में संलिप्त कई वेबसाट्स उपभोक्ताओं को दूसरों के द्वारा तैयार सामग्रियां मुफ्त में उपलब्ध कराती हैं और अपनी वेबसाइट्स पर आने वाले ट्रैफिक के जरिये विज्ञापनों से कमाई करती हैं। इस तरह मूल निर्माताओं तक उन सामग्रियों की कुल कमाई नहीं पहुंच पाती है। ऑडियोङ्कवीडियो कंटेंट को मुफ्त में पाने के लिए लाइव स्ट्रीमिंग का सहारा लिया जा रहा है, क्योंकि इंटरनेट की गति बढ़ी है। यूट्यूब जैसी वीडियो वेबसाइट कॉपीराइट जैसे मुद्दों के प्रति संवेदनशील है। इसलिए वह पाइरेटेड वीडियो को तुरंत अपनी साइट से हटा लेती है, लेकिन इंटरनेट पर लाखों ऐसी वेबसाइट्स हैं, जो पाइरेटेड ऑडियो-वीडियो कंटेंट उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रही हैं। जेलर और पठान जैसी फिल्में भी लीक हो गईं। दक्षिण भारत में तमिल रॉकर्स जैसी पाइरेसी साइट्स ने कोहराम मचा रखा है। इसे जैसे ही ब्लॉक किया जाता है, यह यूआरएल बदलकर फिर से काम करने लगती है। पाइरेसी के कारण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को सालाना 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

**पाइरेसी से निपटने के लिए सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 में कुछ नए प्रावधान जोड़े गए हैं। देखना है कि यह इस पर कितना अंकुश लगा पाता है।**

वैश्विक सलाहकार फर्म अंकुरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में टोरेंट साइटों के जरिये सात अरब से अधिक विजिट के साथ कंटेंट पाइरेसी वेबसाइटों पर विजिट करने के मामले में अमेरिका और रूस के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। संगीत, फिल्मों, सॉफ्टवेयर और किताबों की पाइरेसी में व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मेसेजिंग एप ने स्थिति और गंभीर बना दी है, जो पाइरेटेड सामग्रियों वाले टोरेंट साइट्स या एग्रीगेटर एप्स के बारे में जानकारी प्रसारित करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पाइरेसी वेबसाइटों पर आने वाले कुल ट्रैफिक में टीवी सामग्री का हिस्सा 46.6 प्रतिशत था, इसके बाद प्रकाशन सामग्री (किताबें) का योगदान 27.80 प्रतिशत रहा। फिल्म पाइरेसी 12.40 प्रतिशत तक पहुंच गई है, इसके बाद संगीत और सॉफ्टवेयर पाइरेसी का हिस्सा क्रमशः सात प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत है।

भारत में वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पाइरेसी के कारण कुल राजस्व का 25-30 प्रतिशत हिस्सा गंवा रहे हैं। सरकार ने इससे निपटने के लिए सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 में कुछ नए प्रावधान जोड़े हैं। इस विधेयक का उद्देश्य 'पाइरेसी' की समस्या पर अंकुश लगाना है। इसमें फिल्म की पाइरेसी करने वालों को तीन महीने से लेकर तीन साल की जेल हो सकती है। साथ ही, फिल्म निर्माण लागत का पांच प्रतिशत जुर्माना भी भरना होगा। फिल्म को गैरकानूनी तरीके से दिखाना या फिर इसकी गैर कानूनी रिकॉर्डिंग भी अपराध की श्रेणी में आएगी।

सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 में अंतिम महत्वपूर्ण संशोधन वर्ष 1984 में किया गया था। नए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के कारण अब कई कानून प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कॉपीराइट अधिनियम, 1957 जैसे मौजूदा कानूनों में कई समस्याएं हैं और वे पर्याप्त कठोर नहीं हैं, जिससे अपराधियों को दंडित करना मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) नीति, 2016 सहित नए कानूनों का पालन और साइबर डिजिटल अपराध इकाइयों की स्थापना अब भी प्रारंभिक चरण में है। पर्याप्त कानूनों के अभाव में अदालतें पाइरेसी के मामले में कुछ खास नहीं कर पाती हैं। सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल, 2023 पाइरेसी की समस्या पर कितना अंकुश लगा पाएगा, यह देखने वाली बात होगी।

**- साभार... अमर उजाला डाट कॉम**

# अखंड भारत - जो सपना ज़िंदा रहता है वही पूरा होता है

अखंड भारत हमारे लिए केवल शब्द नहीं है । यह हमारी श्रद्धा, भाव, देशभक्ति व संकल्पों का अनवरत प्रयास है जिसे प्रत्येक देशभक्त जीवंत महसूस करता है । हम इस भूमि को माँ मानते है और पुत्रवत इस भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है । हम कहते भी है माताभूमिः पुत्रोहंपृथिव्याः। इसलिए माँ का प्रत्येक कष्ट हमारा अपना कष्ट है और एक माँ खंडित रहे कष्ट में रहे, यह उसके पुत्र कैसे स्वीकार कर सकते है । समय -समय पर भारत खंडित कैसे हुआ, कौन सी गलतियां हम से हुई । वो कौन से कारण रहे जिन्होंने इसकी पृष्ठभूमि लिखी इन सबका चिंतन, विभाजन की पीड़ा व पुनः अखंड होने का विश्वास व संकल्प ही इसका एक मात्र हल है । जब भारत की लाखों आँखों में पलने वाला यह अखंड भारत का सपना करोड़ों-करोड़ों हृदयों की धड़कन बन कर धड़कने लगेगा, तभी यह संभव होगा ।

अखंड भारत स्वप्न नहीं हकीकत हैः अखंड भारत का स्वप्न कुछ लोगों को असंभव लगता हो । लेकिन यदि हम इतिहास का अवलोकन करेंगे, तो ध्यान आएगा कभी जो बातें असंभव लगा करती थी, कुछ समय के पश्चात वो संभव भी हुआ है । मनुष्य की उम्र कुछ वर्ष हुआ करती है पर देशों की उम्र हजारों -हजारों वर्ष होती है । विश्व के ऐतिहासिक अनुभव हैं कि किसी भी देश का विभाजन स्थाई अथवा अटल नहीं होता । 1905 का बंग भंग, पुनः 1911 में एक हो गया । 2000 वर्ष पूर्व नष्ट इजराइल, मई 1948 में फिर से स्वतंत्र राष्ट्र बना । 'होली रोमन एम्पायर' शीघ्र नष्ट हो गया । न पवित्र रहा, न रोमन और न एम्पायर। विशाल ब्रिटिश साम्राज्य भी स्थाई न रहा । जर्मनी का विभाजन 1945 में, परन्तु 1989 में पूर्वी जर्मनी व पश्चिम जर्मनी को विभाजित करने वाली बर्लिन की दीवार गिरा दी गई, जर्मनी पुनः एक हो गया । दोनों वियतनाम एक हो गये । सोवियत संघ से 15 मध्य एशियाई देश अलग होकर पुनः स्वतंत्र राष्ट्र बन गये। विभाजन विभीषिका को समझना होगाः 1947 में ही भारत का पहला व आखिरी विभाजन नहीं हुआ। वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र स्वरुप ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारत की सीमाओं का संकुचन 1947 से काफी पहले शुरू हो चुका था। सातवीं से नवीं शताब्दी तक लगभग ढाई सौ साल तक अकेले संघर्ष करके हिन्दू अफगानिस्तान इस्लाम के पेट में समा गया। हिमालय की गोद में बसे नेपाल, भूटान आदि जनपद अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मुस्लिम विजय से बच गए। अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए उन्होंने राजनीतिक स्वतंत्रता का मार्ग अपनाया पर अब वह राजनीतिक स्वतंत्रता संस्कृति पर हावी हो गयी है। श्रीलंका पर पहले पुर्तगाल, फिर हालैंड और अन्त में अंग्रेजों ने राज्य किया और उसे भारत से पूरी तरह अलग कर दिया। यद्यपि श्रीलंका की पूरी संस्कृति भारत से गए सिंहली और तमिल समाजों पर आधारित है। दक्षिण पूर्वी एशिया के हिन्दू राज्य क्रमशः इस्लाम की गोद में चले गए किन्तु यह आश्चर्य ही है कि भारत से कोई सहारा न मिलने पर भी उन्होंने इस्लामी संस्कृति के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। इस्लामी उपासना पद्धति को अपनाने के बाद भी उन्होंने अपनी संस्कृति को जीवित रखा है और पूरे विश्व के सामने इस्लाम के साथ सह अस्तित्व का एक नमूना पेश किया। किन्तु मुख्य प्रश्न तो भारत के सामने है। तेरह सौ वर्ष से भारत की धरती पर जो वैचारिक संघर्ष चल रहा था उसी की परिणति 1947 के विभाजन में हुई। पाकिस्तानी टेलीविजन पर किसी ने ठीक ही कहा था कि जिस दिन आठवीं शताब्दी में पहले हिन्दू ने इस्लाम को कबूल किया उसी दिन भारत विभाजन के बीज पड़ गए थे। इसे तो स्वीकार करना ही होगा कि भारत का विभाजन हिन्दू-मुस्लिम आधार पर हुआ। पाकिस्तान ने अपने को इस्लामी देश घोषित किया। वहां से सभी हिन्दू-सिखों को बाहर खदेड़ दिया । अब वहां हिन्दू-सिख जनसंख्या लगभग शून्य है।

विभाजन के नैरेटिव का मायाजालः विभाजन के कारणों की समीक्षा करने पर ध्यान आता है कि तात्कालिक नेतृत्व के मनों में भारत बोध का अभाव व राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के बारे में भ्रामक धारणा थी । अंग्रेज अपनी चाल में सफल हुए और उनके द्वारा स्थापित बात की भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा और न है बल्कि यह तो अनेक राज्यों का मिश्रण है। उस समय देश के अधिकतर नेता भी इन्हीं बातों में आकर उन्हीं की भाषा बोलने लगे । श्री सुरेंद्र नाथ बनर्जी द्वारा लिखी पुस्तक 'A Nation in Making' का शीर्षक भी इसी बात की और इशारा करता है। अग्रेजों ने उस समय एक और नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया और उसमें भी उन्हें सफ़लता मिली की जैसे मुसलमान व वे बाहर से आये हैं वैसे ही आर्य भी बाहर से आये हैं और वही अब हिंदू के नाम से जाने जाते है। समय -समय पर देश हित को पीछे छोड़ मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति ने भी विभाजन की बात को ओर हवा देने का काम किया। तुष्टीकरण के नाम पर भारत के मान बिंदुओं से समझौता किया गया। फिर चाहे वो करोड़ों देशवासियों में देशभक्ति के भाव को बढ़ाने वाला गीत 'वंदे मातरम' के विरोध की बात हो, राष्ट्रीय ध्वज के रुप में भगवा रंग व चरखे को न मानने की बात हो, राष्ट्रीय जनसम्पर्क की भाषा के रुप में हिंदी को न स्वीकार करने की बात हो, गोहत्या बंदी की मांग का विरोध हो या फिर अनेक महापुरुषों का महत्व कम किये जाने की बात हो । इन मानबिन्दुओं पर होते आघात के कारण हिन्दुओं की आस्था के केंद्र बिंदु कम होते चले गए व मुस्लिम समाज में भी अलगाव बढ़ता गया । विदेशी आक्रांताओं ने समय ङ्क समय पर भारत पर हमले कर हमें पराधीन करने का प्रयास किया । हम पराधीन भी हुए, लेकिन कभी भी हमने पराधीनता स्वीकार नहीं की। हम उसके खिलाफ़ संघर्ष करते रहे। परंतु 1947 में हमारे अपने ही राजनैतिक नेतृत्व ने विभाजन को स्वीकार कर लिया । यह देशवासियों के लिए सबसे दुखद था । अंग्रेज जो स्वतंत्रता हमें जून 1948 तक देने वाले थे। वह 15 अगस्त 1947 को दी जाएगी, ऐसी घोषणा उनके द्वारा 3 जून 1947 को ही कर दी गयी । ताकि कांग्रेस व मुस्लिम लीग को पुनः सोचने का मौका न मिल सके और देश में इसके प्रतिरोध में भी वातावरण न बन सके। अपनी भूमिका तय करने का समयः आज हम सबके सामने प्रश्न यह है कि हम केवल पुरानी बातों का रोना न रोते हुए, आज हम अखंड भारत के लिए क्या कर सकते है यह सोचना होगा । यह हमारा व आने वाली पीढ़ियों का दायित्व है कि हम इस अखंड भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे। यही दृढ संकल्प हमारे आगे के रास्ते को प्रशस्त करेगा । यह कार्य हम ही प्रारंभ करेंगे ऐसा नहीं है, हमारे पूर्वजों ने भी इस कार्य को जारी रखा । इसी कारण आज हम इस अखंड भारत के विषय में अपनी भूमिका के बारे में सोच पा आरहे है । प्रसिद्ध विद्वानों के निष्कर्षों तथा कथनों से भी ध्यान में आता है कि भारत का विभाजन स्थायी नहीं है । जनरल करिअप्पा ने कहा है कि भारत फिर से संगठित (एक) होगा । महर्षि अरविन्द के शब्दों में हम स्थाई विभाजन के निर्णय को स्वीकार नहीं करते । महात्मा गाँधी के अनुसार दोनों की सांस्कृतिक एकता तथा दोनों में लचीलापन ही दोनों को एक बनाने का प्रयत्न करेगा । प्रसिद्ध लेखक-वान वाल्बोनवर्ग ने भी कहा था कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और पाकिस्तान का विभाजन इतना तर्कहीन है कि आश्चर्य होता है कि यह कितने समय तक चल सकेगा? हम अखंड भारत को साकार होते हुए देखेंगेः भारत की अखंडता का आधार भूगोल से ज्यादा सांस्कृतिक है । अखंड भारत कब होगा यह कहना कठिन है। लेकिन भारत फिर से अखंड होगा ही यह तय है, क्योंकि यही भारत की नियति भी है। और हम सब तो सौभाग्यशाली हैं क्योंकि हमने अपनी आँखों से पिछले कुछसमय में बहुत सी असंभव लगने वाली बातों को संभव होते हुए देखा है। फिर चाहे वोश्रीराम मंदिर निर्माण का विषय हो, धारा 370 की समाप्ति या फिर तीन तलाक का मामला। हम 'याचि देही, याचि डोला' (यानि इन्हीं आँखों से व इसी शरीर से) को मानने वाले लोग है । अखंड भारत की आकांक्षा के साथ साथ हमें अपने लिए कुछ करने वाली बातें भी तय करनी होगी । हमें समाज की कमियों को पहचान कर उसको दूर करने के लिए तत्पर रहना, अपने आप को संगठित रखना, अपने सिद्धांतों को व्यवहार में उतारना व जीवन में उसका प्रकटीकरण दिखना, देशहित के बारे में सोचने वाले बंधुओं को व समाज की सज्जन शक्तिको साथ लेकर चलना । इन सब बातों का ध्यान रखते हुए नित्यप्रति अखंड भारत का स्वप्न अपनी आँखों में रखना । देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सभी भारतीय पूरे उत्साह व उमंग के साथ आज़ादी अमृत महोत्सव से अमृत काल की ओर अग्रसर हो रहे हैं। तो आईये, इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर हम सब संकल्प लें, कि मैं अपने इसी जीवन में अखंड भारत को साकार होते हुए देखूंगा, यही प्रबल इच्छाशक्ति हमारे आगे के मार्ग को भी तय करेगी और हम अखंड भारत को साकार होते हुए देखेंगे... जय हिंद, जय भारत।



**- डॉ. पवन सिंह**
(लेखक मीडिया विभाग, जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर है)

# एसपी झा की मेहनत रंग लाई, वाहन दुर्घटनाओं में आई कमी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन पर गांव गांव चलाये गये आग्रह अभियान का परिणाम दुर्घटनाओं की कमी के रूप मे आया है। पुलिस विभाग द्वारा सभी जिला मे की गई समीक्षा के आधार पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला मे बीते आठ महीनो मे दुर्घटना व दुर्घटना मे हुई मौत मे कमी दर्ज की गई है। एसपी के सार्थक प्रयास का असर दुर्घटना के रूप मे कमी के रूप मे दर्ज की गई है। विदित हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा व तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे ने जिला मे बढती वाहन दुर्घटनाओं को लेकर एक बैठक की बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि एक जागरूकता अभियान गांव



गांव चलाया जाये जिसमे समाज के महिला एवं पुरूष सहित ज्यादातर लोग शामिल हो उस अभियान का नाम आग्रह कार्यक्रम के रूप मे दिया गया। जिसकी शुरूआत आठ माह पूर्व ग्राम गिधपुरी थाना से प्रारंभ किया गया और लगभग ज्यादातर थाना क्षेत्रो मे उक्त कार्यक्रम के माध्यम से यातायात नियमो के पालन करने सहित शराब पीकर वाहन न चलाने तथा कामर्शियल वाहन पर यात्रा न करने की अपील की गई। उस अपील का असर यह हुआ कि गांव गांव मे किसी भी पुरूष वर्ग के वाहन लेकर निकलते हीं महिलायें उन्हे हेलमेट ले जाने की सलाह देने लगे जिस पर पुरूष वर्ग हेलमेट कहीं मन से कहीं बेमन से ले जाने लगे साथ हीं कामर्शियल वाहन मे यात्रा से परहेज करने लगे और इसका असर इतना सुखद रहा कि जिला मे वाहन दुर्घटना के प्रकरण मे लगभग 30 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने इस कमी को देखते हुये बताया कि आग्रह कार्यक्रम का असर जानकारी मे आई है आग्रह कार्यक्रम को पुनरू सभी थाना क्षेत्रो मे और किये जाने के साथ जागरूक करने पुनरू प्रयास किया जायेगा।

## डीईओ ने सहायक शिक्षकों से हड़ताल खत्म करने की अपील की

**भाटापारा।** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान चर्चा मे बताया कि बीते 10 अगस्त से जिला के लगभग एक हजार शिक्षक अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर है जिससे स्कूलो मे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। वर्तमान स्थिति को देखते हुये सहायक शिक्षको से अपील की गई है कि वह अपना हड़ताल समाप्त करते हुये वापस स्कूलो मे जाकर शिक्षण कार्य को संपादित करें ताकि बच्चों का पढ़ाई बाधित न हो। राकेश शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक एलबी जल्द से जल्द स्कूलो मे ज्वाईनिंग दें अन्यथा शासन के निर्देशानुसार हड़ताली कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## अर्जुनी के एक दुकान से 49 हजार मूल्य की गहने की चोरी

**भाटापारा।** शहर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम अर्जुनी के एक दुकान मे चोरी की वारदात होने की घटना सामने आई है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुनी निवासी नवीन वर्मा जो कि अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान मे मोबाईल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है वे अपनी अर्जुनी स्थित दुकान को अपनी पत्नि दीपिका वर्मा को बिठाकर दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे की डयूटी मे गये हुये थे इसी दौरान रात्रि 9 बजे के आस पास उनकी दुकान मे एक व्यक्ति सिगरेट लेने के लिये पहुंचा था इसी दौरान दुकानदार दीपिका वर्मा उसे सिगरेट देने पीछे मुडी तब मौका देखकर दुकान के सामने काउंटर के पास रखे 49 हजार रूपये मूल्य के पुराना सोने की चौन को उक्त व्यक्ति चुराकर ले गया काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर दीपिका वर्मा व नवीन वर्मा ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई है जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

# हटरी बाजार में अज्ञात चोरों ने लगातार चार दुकानों में चोरी की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे चोरी की घटनायें लगातार बढने से लोगों के बीच चिंता व्याप्त है शहर के व्यस्तम ईलाके हटरी बाजार मे बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने एक के बाद एक चार दुकानो को निशाने पर लेते हुये वहां चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार हटरी बाजार स्थित कपड़ा व्यवसायी मोहन लाल गिदवानी की दुकान से अज्ञात चोरो ने 20 हजार रूपये नगद एवं 22 हजार रूपये मूल्य के विभिन्न प्रकार के कपडे, साड़ी व पिटठू बैग को पार कर दिया। अज्ञात चोर गिदवानी की दुकान मे छत के रास्ते उपर से चढकर पहुंचे व दरवाजा एवं कुंदा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी तरह मोहन लाल गिदवानी की



दुकान के बाजू से बसंत गेहाणी की किराना दुकान से भी अज्ञात चोरो ने लगभग 20 हजार रूपये मूल्य के विभिन्न सामान पार कर दिये चोरो ने चूडी लाईन स्थित छुगामल खत्री की चना खाई खजाना दुकान से लगभग 12 हजार मूल्य के सामान भी चोरी कर लिये चोरो ने लक्ष्मी बीज भंडार के सीताराम देवांगन की दुकान मे भी धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। यह विदित रहे कि अज्ञात चोरो ने इसके पहले भी हटरी बाजार के लक्ष्मी बूट हाउस व आकाशगंगा वस्त्र भंडार संचालक कबीरामल की दुकान मे भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका आज तक सुराग नहीं मिल पाया है। चोरी की लगातार बढ़ती घटना से व्यापारियो मे चिंता व दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हायर सेकेण्डरी स्कूल दतरेंगी में सायकल वितरण किया गया



**भाटापारा।** निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने अपने ग्रामीण प्रवास के दौरान ग्राम दतरेंगी के हायर सेकेण्डरी स्कूल मे सरस्वती योजना के तहत 98 छात्राओं को अपने हाथो से सायकल वितरित किया। लाभार्थी छात्रायें ग्राम दतरेंगा दतरेंगी अमलीडीह, सूरजपुरा, कड़ार, टेंहका व मधुबन से शिक्षा अर्जन करने हायर सेकेण्डरी स्कूल दतरेंगी पहुंचती है। सायकल प्राप्ति के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उक्त अवसर पर टूपेंद्र शर्मा, हरप्रसाद वर्मा, द्वारिका यादव, कुंजराम यादव, धनेश साहू, हुलासराम साहू, खेतहार जायसवाल, अनिल वर्मा, रामरतन दांडेकर, लालाराम सेन, शरद यादव, रोहित बघेल, रामसिंह ध्रुव व केदार मिश्रा सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या उपस्थित थे।

### लीलाराम का निधन भाजपा के लिये अपूरणीय क्षति - शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** विधायक शिवरतन शर्मा ने पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक लीलाराम भोजवानी के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुये इसे भाजपा संगठन के लिये अपूरणीय क्षति बताया है उनके निधन के समाचार सुनने के बाद शर्मा राजनांदगांव उनकी अंतिम यात्रा मे शामिल होने पहुंचे उन्होने शोकाकुल परिवारजनो को इस दुख की घडी मे शक्ति प्रदान करने की कामना करते हुये ढांढस बंधाया। उक्त अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंग, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, गौरीशंकर अग्रवाल, अभिषेक सिंग, छगन लाल मूंधडाख, संजय श्रीवास्तव, रमेश पटेल व रविन्द्र गोलछा सहित भाजपा के अनेक पूर्व सांसद, विधायक व पदाधिकारी बडी संख्या मे मौजूद थे।

### पांच लोगों ने विधानसभा के लिये आवेदन जमा किये

**भाटापारा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के समक्ष टिकट के दावेदारों ने आवेदन पत्र जमा करने का सिलसिला शुरू कर दिया है अब तक आनंद मिश्रा, इंद्र साव, आलोक मिश्रा, सत्यनारायण ठाकुर, सरिता ठाकुर सहित पांच लोगों ने दावेदारी के आवेदन जमा किये है।

### शिव कथा का आयोजन

**भाटापारा।** आगामी 6 से 13 सितंबर तक मंडी रोड स्थित मंगल भवन मे शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा स्थल पर सवा लाख पार्थिव शिव लिंग का निर्माण भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम मे अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता बाल साध्वी पुष्पांजलि वृंदावन धाम उत्तर प्रदेश द्वारा व्यासपीठ से कथा का वाचन किया जायेगा। कथा समय शाम 3 से 6 बजे तक है।

### सुशील शर्मा ने ध्वजारोहण किया



**भाटापारा।** मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने राष्ट्रीय पर्व पर विभिन्न स्थानो मे ध्वजारोहण किया। जिसमे कृषिउपज मंडी प्रांगण, बस स्टैड चौक, वृंदावन कालोनी, आदिल चौक तथा ग्राम बोड़तरा के चिन्मय सागर स्कूल मे पहुंचकर उन्होने ध्वज फहराया। उक्त अवसर पर सचिन शर्मा, अभिनय यदू, अरूण यदू सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# मतदाता जागरण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। जिला कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा आने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में विधानसभा भाटापारा के शहरी एवं ग्रामीण ईलाको मे मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रैली निकालकर विभिन्न कार्यक्रम के जरिये अभियान चलाया।

उक्त संबंध मे एसडीएम नरेन्द्र बंजारा ने बताया है कि शासकीय अशासकीय शालाओं मे छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं पालको तथा युवाओं की उपस्थिति मे मतदाता जागरण के संबंध मे विस्तार से जानकारी देते हुये शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। 18 एवं 19 अगस्त को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु विशेष शिविर लगाया जा रहा है। एसडीएम एवं रिटर्निंग नरेंद्र बंजारा ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया



जा रहा है। इसी क्रम में करहीबाजार हायर सेकेन्डरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल प्रांगण में भारत के नक्शे की आकृति आधारित मानव श्रृंखला बनाई। शासकीय पंचम दीवान बालिका विद्यालय के छात्राओं के द्वारा रंगोली का आयोजन किया गया। अपरान्ह सत्र में शासकीय गजानन महाविद्यालय आईटीआई कॉलेज एवं स्कूलों के बच्चों उपस्थिति में मतदाता जागरण रैली से नगर भ्रमण करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील की गई। इस मौके पर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुये ऐसी छात्राएं एवं महिलाएं जिनकी उम्र 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है अथवा हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने वोटर हेल्प लाईन द्वारा फार्म 6 की जानकारी दी गई। साथ ही ई व्ही.एम. मशीन का प्रदर्शन कर छात्राओं से मॉक पोल भी करवाया गया।

# भाटापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़क से लोग परेशान

## सेमरिया घाट व डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की पुनरू मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़क व पुल पुलियों के नव निर्माण न होने से लोग हलाकान है। भाटापारा शहर से सुहेला पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 14 किलोमीटर है उक्त सड़क इन दिनो इतनी अधिक जर्जर अवस्था मे पहुंच गई है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर वाहन चालकों का चलना दूभर हो गया है ग्राम खोखली, जरौद एवं डिग्गी नाला तथा ग्राम खपरी के पास सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है व उबड़ खाबड़ होकर सड़क मे बडे बडे गडढे हो गये है जिससे दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के वाहन खराब हो रहे है वहीं लोग जर्जर सड़क मे दुर्घटना के शिकार होकर चोटिल भी हो रहे है। इसी प्रकार भाटापारा से चंदखुरी नारायणपुर मार्ग मे जगह जगह गडढे हो गये है इस मार्ग पर स्थित 50 वर्ष पुराना सेमरिया घाट पुल जो शिवनाथ नदी पर स्थित है उसमे चार से पांच फीट लंबे चौड़े गडढे हो जाने से वाहन चालक अपनी जान जोखिम मे लेकर चल रहे है क्योकि जर्जर पुल मे सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग व्यवस्था भी नहीं है जिसके कारण वाहन चालकों की जरा सी चूक होने पर नदी मे गिरने का खतरा मंड़राने लगा है इसी प्रकार के हालात भाटापारा निपनिया, भाटापारा मोपका मार्ग मे भी है जहां दूर दराज गांव



के सैकड़ो लोग रोजी रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा व व्यापारिक लेन देन के लिये भाटापारा शहर आते है तब उन्हे जर्जर खराब सड़कों से जूझते हुये संघर्ष का सामना करना पड़ता है इसी तरह भाटापारा शहर की अनेक सड़को की अलावा ग्रामीण क्षेत्रो की सड़क जर्जर हालत मे है मसलन भाटापारा, ढाबाडीह, टिकुलिया पेन्ड्री होकर दावनबोड़ जाने वाली सड़क जगह जगह टूट गई है उक्त क्षतिग्रस्त सड़क के कारण ग्रामीण क्षेत्र के कृषक, राहगीर व छात्र-छात्राओं को आवाजाही मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार ग्राम तरेंगा से जल अधिग्रहण क्षेत्र शिवनाथ नदी टोहड़ी घाट तक जाने वाली सड़क की स्थिति बद से बदतर हालत मे पहुंच गई है यहां यह कहना मुश्किल है कि गडढे मे सड़क है कि सड़क मे गडढे है इस मार्ग पर खराब सड़क के कारण आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है इसी प्रकार ग्राम खोखली से ग्राम बोड़तरा बस्ती अंदर से मजगांव की ओर जाने वाली सड़क जर्जर हालत मे है शहरी क्षेत्र मे रामसप्ताह मंडप से मारवाडी कुंआ के रास्ते भटटर सायकल की ओर जाने वाली सड़क खराब स्थिति मे है वहीं रेस्ट हाउस के बाजू से रेल्वे माल धक्का होकर सिद्ध बाबा धौराभांठा तक जाने वाली सड़क जर्जर हालत मे है। उक्त जर्जर सड़क के कारण आम जनता व उक्त मार्ग से आने जाने वाले तमाम लोग परेशान है क्षेत्र के नागरिकों ने भाटापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निर्माण करने व शिवनाथ नदी सेमरिया घाट तथा भाटापारा सुहेला मार्ग पर डिग्गी नाला मे नये उच्च स्तरीय पुल निर्माण की अपनी बार बार की मांग को पुन: दोहराते हुये नींद मे सोय हुये शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से उक्त जर्जर सड़क व नये पुल निर्माण की मांग पर ठोस कार्यवाही करने की मांग की है व कहा है कि जनता की समस्या से मुंह मोड़कर व आंख बंदकर बैठे लोग इस ज्वलंत समस्या पर शीघ्र ध्यान देवें।

# सूने मकान से 20 हजार रूपये की चोरी

**भाटापारा।** ग्रामीण क्षेत्र मे एक किसान के सूने मकान से 20 हजार रूपये की चोरी का मामला सामने आया है। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मिरगी निवासी हेमदास साहू अपने पिता देवनाथ साहू व अपनी माता निर्मला बाई साहू के साथ तीज नाहवन कार्यक्रम मे भाग लेने ग्राम देवरी आये हुये थे इस बीच उसके घर मे उसकी पत्नि मीना साहू घर का दरवाजा बंदकर खेत मे काम करने गई थी इसी दौरान सूनेपन का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर



ने घर के बाड़ी के तरफ से मकान मे प्रवेश किया व घर के दोनो कमरो का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखे आलमारी व पेटी मे से सोने चांदी के जेवरात व 10 हजार रूपये नगदी कुल जुमला 20 हजार रूपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। खेत से काम करके घर लौटी मीना साहू को घर पहुंचने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई जिस पर उन्होने हेमदास साहू को घटना की जानकारी फोन द्वारा दी देवरी गांव से वापस आने पर हेमदास साहू ने देखा कि अज्ञात चोरो ने बाडी की तरफका दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिस पर उन्होने थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरूद्ध धारा 380, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दिया है।

# शिवरतन शर्मा ने जय स्तंभ चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**भाटापारा।** आजादी के 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्रिय विधायक शिवरतन शर्मा ने जय स्तंभ चौक पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने देश के आजादी के लिये शहीद हुये वीर शहीदो को याद करते हुये उन्हे पुष्प अर्पित कर स्मरण किया। शर्मा ने आगे कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिये जिन्होने अपने प्रांणो की आहूति देकर देश को स्वतंत्र कराया उनकी शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता देश के हित के लिये उन्होने हमेशा लोगों को आगे रहने के लिये कहा। उक्त अवसर पर एसडीएम नरेन्द्र बंजारा, सीएमओ लाल अजय बहादूर सिंग, बीईओ रामजी पाल, सुनील यदू, राकेश तिवारी, महाबल दास बघेल, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश छाबड़िया, मुकेश सोनी, सलीम खान, नंदू वैष्णव, गीता अग्रवाल, चन्द्रकला साय, आयशा खान व आशीष पुरोहित सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं भारत माता प्रतिमा स्थल पर हीं विधायक शिवरतन शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का स्मरण करते हुये कहा कि अपनी आजादी का मान सदैव बनाये रखना है यह जवाबदारी हम सब की है। वहीं स्व. गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय मे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.वासुदेव ठाकुर ने झंडा फहराया यहां पर योगेश अनंत, कुंजराम कोशले, पुरूषोत्तम यदू, बंटी टंडन, सोमेश वर्मा, पितांबर साहू, नीरा साहू, मनेन्द्र सिंग गुम्बर सहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में गाजर घांस उन्मूलन कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय डीके कृषि विज्ञान केन्द्र मे गाजर घांस उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ.श्रीकांत चितले, डॉ.नीतिश तिवारी, डॉ.एचएल सोनबोईर व डॉ.अंगद सिंग राजपूत उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे डॉ.चितले ने कहा कि गाजर घांस फसलो के लिये हानिकारक है इसके अलावा यह इंसान के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है गाजर घांस के कारण फसल की पैदावार 40 प्रतिशत तक कम हो जाती है उन्होने गाजर घांस के नियंत्रण के उपाय बताये। डॉ.सोनबोईर ने कहा कि गाजर घांस एक वर्ष मे तीन बार अपना जीवन चक्र पूरा करता है। डॉ.तिवारी ने कहा कि गाजर घांस के दुष्प्रभाव से मनुष्य को डर्मेटाईटिस, एलर्जी एवं बुखार तथा अस्थमा जैसी बिमारियां हो जाती है। उपरोक्त अवसर पर डॉ. टीएल कश्यप, डॉ.राजेश साहू, डॉ.केके पांडे, डॉ.देवेन्द्र उपाध्याय, डॉ.शरद सर्राफ डॉ.पीआर मिझीं, ग्राम खपराडीह सरपंच लक्ष्मण दास सहित 100 से अधिक किसान उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन स्वाति ठाकुर मिझीं के द्वारा किया गया।

# बरगढ़ उड़ीसा में अग्रवाल समाज के व्यापारी बंधुओ के खिलाफ तोड़फोड़ की हुई कार्यवाही के विरोध में संगठन ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**रायपुर।** आज छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल माननीय महामहिम श्री विश्वभूषण हरिचंदन जी से मुलाकात कर , शाल, श्रीफल, अग्रसेन दुपट्टा और अग्रसेन माला पहना कर उनका अभिनंदन किया और बरगढ़ उड़ीसा में हुई घटना के विरोध में, उड़ीसा प्रांत के राज्यपाल महामहिम श्री गणेशीलाल जी को संबोधित ज्ञापन को सौंप कर, उन्हें प्रेषित करने के लिए अनुरोध किया।

डॉ अशोक अग्रवाल ने संस्था की सविस्तार गतिविधियों की जानकारी दी और उड़ीसा की घटना के बारे में संस्था के ऑडिटर बरगढ़ निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री मधुसूदन सांवरिया ने सविस्तार बताया तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सियाराम अग्रवाल के नेतृत्व में उड़ीसा के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन को महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा। माननीय राज्यपाल महोदय ने धैर्य पूर्वक प्रतिनिधिमंडल की सारी बातों को सुनने समझने के बाद संगठन द्वारा किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सदैव अपना सहयोग देने का वादा करते हुए ज्ञापन को उड़ीसा के राज्यपाल तक भेजने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस प्रतिनिधिमंडल में, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सियाराम अग्रवाल जी के नेतृत्व में संगठन के संरक्षक द्वय श्री जयदेव सिंघल श्री महेंद्र सेक्सरिया, साथ में प्रांतीय चेयरमैन व राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं ऑडिटर सीए मधुसूदन सांवरिया उपस्थित रहे।

*अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल छत्तीसगढ़ से की मुलाकात*

*छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने राज्यपाल श्री विश्व भूषण हरिचंदन का शाल श्रीफल से किया सम्मान*

### एक बार फिर यात्री ट्रेन लंबी अवधि के लिये रदद

# यात्रियों में आक्रोश की लहर, रेल प्रशासन ने फिर बनाया जेडी व टाटा ईतवारी एक्सप्रेस को निशाना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे अंतर्गत भाटापारा रेल्वे स्टेशन से विभिन्न नगरों की ओर रेल यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। रेल प्रशासन द्वारा एक बार फिर से विभिन्न रेल्वे लाईनो मे मरम्मत कार्य व चौथी लाईन की कनेक्टिवीटी सहित अन्य कार्य बताकर पुनरू अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो का परिचालन को रदद कर दिया गया है वहीं कुछ ट्रेनो का मार्ग परिवर्तित किया गया है। छत्तीसगढ राज्य की बहुतायत जनसंख्या की मन पसंद यात्री ट्रेन जिसमे ज्यादातर निम्न व मध्यम वर्ग के लोग सफर करते है उक्त ट्रेन मे शामिल ट्रेन क्रमांक 08861-08862 गोंदिया झारसुगुडा व झारसुगुडा गोंदिया पैसिंजर ट्रेन जिसे सामान्य भाषा मे जेडी कहा जाता है उक्त दोनो दिशाओं की ट्रेन को आगामी 22 अगस्त तक रदद कर दिया गया है जिससे रेल यात्रियों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न रेल मार्ग मे अनेक मरम्मत व निर्माण कार्य कराये जाने के परिपेक्ष्य मे उक्त निर्णय लिया गया है इसी तरह दुर्ग से चलने वाली 18201 दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस ट्रेन आगामी 11 अगस्त, 16 अगस्त, 18 अगस्त, 23 अगस्त व 25 अगस्त तथा 31 अगस्त को अपने परिवर्तित मार्ग मानिकपुर प्रयागराज, प्रतापगढ़, अयोध्या कैंट, मनकापुर, गोरखपुर होकर जायेगी वहीं वापसी मे ट्रेन क्रमांक 18202 नवतनवा दुर्ग एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, प्रतापगढ़, प्रयागराज व मानिकपुर होकर भाटापारा होते हुये दुर्ग जायेगी। इसी प्रकार हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग पर सक्ति रेल्वे स्टेशन मे कार्य चलने के कारण आगामी 12 अगस्त को ट्रेन क्रमांक 13288 राजेन्द्र नगर दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस लगभग 4M 30 घंटा विलंब से भाटापारा पहुंचे रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों की एक और मनपसंद व भीड़ वाली ट्रेन को एक लंबे समय के लिये रदद किया है ट्रेन क्रमांक 18110 ईतवारी टाटा नगर एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 21 अगस्त तक रदद कर दिया गया है उक्त महत्वपूर्ण ट्रेनो के रदद किये जाने से यात्रियों मे नाराजगी है क्योकि भाटापारा सहित अन्य रेल्वे स्टेशन के लगभग 10 हजार से अधिक रेल यात्री ईतवारी टाटा नगर ट्रेन एवं जेडी पैसिंजर ट्रेन मे विभिन्न स्थानो की ओर आवागमन करते थे। जन सामान्य की उक्त दोनो महत्वपूर्ण ट्रेन को क्रमशरू 21 व 22 अगस्त तक की लंबी अवधि के लिये निरस्त किये जाने से यात्रियों ने आक्रोश जाहिर किया है।

# सटटा पटटी के साथ दो सटोरिये धरे गये

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सटोरियों के विरूद्ध चलाये गये धर पकड़ अभियान मे दो अलग अलग स्थान पर वर्ली मटका का सटटा पटटी खिलते हुये दो सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। उक्त संबंध मे थानेदार अमित पाटले से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम तरेंगा मे अजीत टेलर्स दुकान मे मोहम्मद शकुर अहमद नामक वृद्ध को वर्ली मटके का सटटा पटटी लिखते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया उसके पास से सटटा पटटी व चार हजार दस रूपये नगदी तथा मोबाईल फोन जब्त किया गया है पुलिस की कार्यवाही के दौरान सटटा पटटी लिखाने आये ग्राहक पुलिस को देख भाग खडे हुये वहीं गांव मे ही शराफत सायकल दुकान के सामने मदनलाल साहू नामक वृद्ध जो कि मूल निवासी महावीर वार्ड भाटापारा है उसे पुलिस ने वर्ली मटके का सटटा पटटी एवं 710 रूपये नगद राशि के साथ पकड़ा है उसके पास से भी पुलिस ने मोबाईल फोन को जब्त किया है उक्त दोनो सटोरियों के विरूद्ध 4 क जुआ एक्ट एवं धारा 6 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही करते हुये न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दतरेंगी स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण किया गया



**भाटापारा।** ग्राम दतरेंगी मे शिक्षक गोपेश साहू, टीकाराम साहू, जेपी वर्मा, निर्जला साहू, घनश्याम साहू, नीतू वर्मा, किरण वर्मा, पदमनी देवांगन एवं राजेन्द्र चेलक सहित स्कूली बच्चों की उपस्थिति मे शाला प्रांगण मे पौधारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के संबंध मे विशेष जानकारी दी गई।

### सतीश पहुंचे आदिवासी समाज के कार्यक्रम में



**भाटापारा।** ग्राम गोढी व झिरिया मे निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने आदिवासी सम्मेलन पहुंचकर समाज के उतरोत्तर प्रगति की कामना करते हुये कहा कि अपनी संस्कृति कला व रीति रिवाज को सामाजिक बुराईयों से दूर रखते हुये मजबूत करना है इसके लिये आदिवासी समाज को अपनी सभ्यता व संस्कृति के हिसाब से आगे बढना है। उक्त अवसर पर नरेश ध्रुव, नरेश नेताम, उमेश ध्रुव, राधे नेताम, रामप्रताप मडावी, हरदयाल नेताम, भवकुल नेताम, जय शंकर नेताम, अमर नेताम, शत्रुघन मडावी, फणिन्द्र नेताम, मुकेश नेताम, महेश नेताम, कार्तिक नेताम, चंन्द्रगुप्त छेदईहा, छेदूराम ध्रुव, जीवन मरकाम, जेठूराम छेदईहा, डोमार छेदईहा, कृपाराम छेदईहा, लेखराम छेदईहा, राजेश मरकाम, गणेश नेताम, दिवेन्द्र ध्रुव, रमेश ध्रुव, हिरावन ध्रुव, ओमकार ध्रुव, तपोश ध्रुव, धमेन्द्र ध्रुव, डॉ.केके नायक व सुरेन्द्र वैष्णव सहित बडी संख्या मे समाजिक बंधु व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार ट्रेक्टर के पलटने से एक युवक की मौत चालक घायल

**भाटापारा।** शहर से 11 किलोमीटर दूर भाटापारा नांदघाट मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमे सवार एक युवक की मौके पर हीं मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलिहा मोड़ के पास नांदघाट की ओर से आ रहीं ट्रेक्टर स्वराज 855 जो कि ग्राम खपरी नांदघाट से धान लोडकर भाटापारा मंडी आ रहे थे कि तेज रफ्तार ट्रेक्टर ग्राम कोलिहा मोड़ के पास ट्रेक्टर चालक के नियंत्रण से बाहर होकर खेत मे जाकर पलट गई ट्रेक्टर के पलटने से कलाशंकर राजपूत नामक युवक की मौके पर हीं सिर मे गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई वहीं ट्रेक्टर चालक हेमंत राजपूत भी गंभीर रूप से इस दुर्घटना मे घायल हो गया है। उक्त घटना को ग्राम कोलिहा मोड़ के पास स्थित यादव होटल के लोगों ने देखकर मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को दी। मृतक कलाशंकर राजपूत ग्राम खपरी नांदघाट निवासी कृषक राधेश्याम राजपूत का पुत्र था राधेश्याम राजपूत की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### भाटापारा जिला के लिये निकाली गई बाईक रैली



**भाटापारा।** पृथक एवं स्वतंत्र भाटापारा जिला की मांग को लेकर एक बार फिर लगातार धरना प्रदर्शन रैली का क्रम प्रारंभ हो गया है। रविवार को जिला निर्माण संघर्ष समिति ने विशाल बाईक रैली निकालकर भाटापारा जिला निर्माण का वादा पूर्ण करो के नारे के साथ शहर के तमाम हिस्सों का भ्रमण किया। बाईक रैली जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गो के रास्ते शहर भ्रमण पश्चात वापस भारत माता मूर्ति जय स्तंभ चौक के पास संपन्न हुई। बाईक रैली मे बडी संख्या मे सभी वर्गो के लोगों ने भाग लिया जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा, राजकुमार मल, अजय साहू, नारायण साहू, श्याम सुंदर अवस्थी, विनोद शर्मा व नंदकिशोर शर्मा सहित सैकड़ो लोग शामिल हुये। बाईक रैली मे शामिल सभी लोगों ने शहर के चौक चौराहे पर नारेबाजी करते हुये पृथक व स्वतंत्र भाटापारा जिला की पुरजोर मांग की। प्रमुख चौक चौराहे पर रूक कर सभी वक्ताओं ने भाटापारा जिला के संबंध मे विस्तार से लोगों को बताते हुये संघर्ष ने आगे आने का आव्हान भी किया व कहा कि शासन प्रशासन क्षेत्र की जनता के धैर्य की और परीक्षा न लेवें एवं तत्काल भाटापारा जिला की घोषणा करें।

# विधानसभा चुनाव की आहट से भाटापारा का माहौल गर्माया

**भाटापारा।** इस वर्ष के अंत मे होने वाले भाटापारा विधानसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां प्रशासनिक तैयारी जोर शोर से जारी है वहीं चुनाव को लेकर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता भी सक्रिय हो गये है। शहर शहर गांव गांव दीवार लेखन व प्रचार एवं बैठक तथा किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने आम जनता से जुडने के लिये जन संपर्क द्रुत गति से चल रहा है। क्षेत्र मे विधानसभा चुनाव मे लगभग दो लाख तीस हजार से अधिक पुरूष व महिला मतदाता भाग लेंगे। चुनाव को लेकर अभी अधिकृत तौर पर किसी भी पार्टी ने प्रत्याशी तय नहीं किये है और न ही घोषित किये है उसके बावजूद अनेक नेता अपनी दावेदारी को लेकर रस्सा कस्सी कर रहे है इधर शहर मे विभिन्न चौक चौराहों, बाजार, होटल, पान ठेला, ढाबा व पब्लिक पैलेश पर रोज नये शिगूफा छोड़े जा रहे है जिसमे अमुक का टिकट कटने अमुक नये चेहरे को टिकट मिलने की बात की जा रहीं है इधर इस चुनावी वर्ष मे पृथक व स्वतंत्र भाटापारा जिले का मुददा भी गर्माया हुआ है चौक चौराहे पर प्रमुख मार्गो पर जिला के पोस्टर व पांम्पलेट मे जिला के ज्वलंत मुददे को गर्म कर रखा है जिला निर्माण की मांग से जुडे तमाम लोग भी सक्रिय हो गये है व विभिन्न माध्यमो से पर्चे वितरित कर नेताओं से सवाल जवाब कर रहे है कुल मिलाकर सन 2023 के विधानसभा चुनाव के लिये सभी तरह के फॉर्मूले बिठाने व पैंतरे बाजी मे जुट गये है अब यह आने वाला वक्त तय करेगा की भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे कौन कौन अधिकृत पार्टी प्रत्याशी बनकर सामने आते है फ्लिहाल चर्चा का बाजार गर्म है।




## कांग्रेस नेता सुशील शर्मा ने शिवरतन पर पलटवार किया कहा कि केन्द्र में सत्ता होने के बावजूद विधायक क्षेत्र को एक भी सौगात नहीं दिला पाये

**भाटापारा।** बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा शुक्रवार को भाटापारा एसडीएम कार्यालय के घेराव को मंडी अध्यक्ष कांग्रेस लीड़र सुशील शर्मा ने नौटंकी बताते हुये कहा है कि अपना जनाधार खो रहे भाजपा नेता भूपेश सरकार को बदनाम करने औचित्यहीन बातें करते हुये धरना प्रदर्शन व घेराव का प्रपोगंड़ा कर रहे है। सुशील शर्मा ने आगे कहा है कि शिवरतन शर्मा क्षेत्र व जनता के प्रति विकास कार्य कराने के बजाय झूठे वादों का जुमला फेंककर झूठ व फरेब की राजनीति कर रहे है। क्षेत्र व प्रदेश के सभी



लोगों को मालूम है कि कांग्रेस की जनल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधा पहुंच रहा है जिससे क्षेत्र व प्रदेश मे भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है इसलिये भाजपा नेता अपना जनाधार बचाने तथ्यहीन धरना प्रदर्शन करने आये दिन नौटंकी कर रहे है जबकि क्षेत्र अनेक समस्याओं से इसलिये जूझ रहा है कि भाजपा विधायक उक्त समस्याओं को हल करने के बजाय निरर्थक बातों मे जनता को गुमराह कर रहे है जबकि केन्द्र मे भाजपा की मोदी सरकार है होने के बावजूद भाटापारा को एक भी सौगात वे नहीं दिला पाये है जो कि उनकी कार्य क्षमता को यह साबित करता है कि पार्टी मे भी उनकी कोई सुनवाई नहीं है।

## ग्रामीण क्षेत्र में सरस्वती योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** राज्य शासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढावा देने तथा स्कूल ड्राप आउट को कम करने के लिये निरूशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत हायर सेकेण्डरी स्कूल करहीबाजार मे 85 बालिकाओं को निरूशुल्क सायकल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा उपस्थित थे। वहीं प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास, ए के राय, के के जांगड़े, अतुल तिवारी, रामनाथ साहू, एल एन सोनी, अलका राठौड़, सुनीता ध्रुव, पी एल विश्वकर्मा, आकाश प्रधान, रितेश मेश्राम, नेहा नेताम, पार्वती निषाद, निशिराज ठाकुर, बेबी पटेल, शोभित पटेल सहित छात्रायें उपस्थित थे। वहीं ग्राम टोनाटार के शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाई स्कूल मे भी 32 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया



जिसमे प्रभारी प्राचार्य शक्तिसिंग डहरिया, बुद्धेश ध्रुव, गैंदराम वर्मा व विष्णु उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम बिटकुली मे भी 37 बालिकाओं को निरूशुल्क सायकल वितरण मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। उक्त कार्यक्रम मे नेतराम देवांगन, रामेश्वर ध्रुव, सरपंच बीरेश यदु, उपसरपंच रमाशंकर ध्रुव, विनोद देवांगन, साधराम डहरिया, कामता ध्रुव, अरुण जांगड़े, प्रभारी प्राचार्य रमेश वर्मा, आलोक गायकवाड, भागीरथी कुर्रे, अभिलाष तिवारी, अजय देवांगन उपस्थित थे। इसी प्रकार हाई स्कूल बोड़तरा मे भी केके देवांगन के आतिथ्य मे 19 छात्राओं को सरस्वती योजना अंतर्गत सायकल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य सुशील भृगु, नीतू आडिल, भुनेश्वर शर्मा, पूनम दास, राजेश देवांगन व चौतू देवांगन सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी पकड़ा गया

**भाटापारा।** सीनियर एसपी दीपक झा के सख्त निर्देश के बाद अपराधिक गतिविधियों मे लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस द्वारा चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान मे पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र मे चोरी का समान खरीदने वाले एक कबाड़ी को पकड़ा है। उक्त संबंध मे टीआई अमित पाटले ने बताया कि शहर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम अर्जुनी मे कबाड़ी कारोबारी ओम प्रकाश साहू के दुकान से ट्रक टायर,



बैलगाडी का लोहे का चक्का, लोहे खिड़की, पल्ला व लोहे का दरवाजा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। उक्त सामान के संबंध मे कबाड़ी ओमप्रकाश साहू द्वारा संतोष जनक जवाब एवं सामान के संबंध मे कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराये जाने पर चोरी के सामान खरीदने के आरोप मे ओमप्रकाश साहू के विरूद्ध धारा 379 के तहत कार्यवाही करते हुये उसे रिमांड पर भेजा गया है।

## आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुये सतीश

**भाटापारा।** आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल शामिल हुये। उक्त कार्यक्रम मे उन्होने समाज के प्रतिभावान



छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने समाज के एकजुटता पर बल देते हुये कहा कि समाज से जुडे प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक सोंच के साथ समाज की सेवा मे अग्रसर रहना चाहिये। उन्होने समाज मे व्याप्त कुरितियों एवं बुराईयों से दूर रहते हुये समाज के उत्थान के लिये कार्य करने की अपील उपस्थित लोगों से की।

## चंन्द्रप्रकाश ध्रुव सेवानिवृत्त हुये

**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम खोखली के हायर सेकेण्डरी स्कूल मे पदस्थ व्याख्याता चंन्द्रप्रकाश ध्रुव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हे सह सम्मान भावपूर्वक विदाई दी गई। उक्त अवसर पर शाला के प्राचार्य अनुजराम कुर्रे, श्रीमती के. मिश्रा, अरुण वर्मा, सुश्री आरती सार्वा, भूमेश पांडे, श्रीमती गायत्री सोनवानी, श्रीमती प्रेरणा ठाकुर, श्रीमती सुषमा सिंह, रविकांत वर्मा, कमलेश वर्मा, अशोक शर्मा,



नीलकंठ वर्मा, उमा राठौर, शरद यादव, सुश्री अजिस्ता तिर्की व श्रीमती जागृति सोनवानी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## भाटापारा मे कांग्रेस बूथ लेवल एजेंटो की बैठक संपन्न




**भाटापारा।** शहर मे कांग्रेस का बूथ स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमे बूथ लेवल एजेंट बडी संख्या मे उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर व पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा ने संबोधित करते हुये चुनावी टिप्स दिये। उक्त कार्यक्रम मे आलोक मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग इंद्र साव, नपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, श्रीमती गौरी भृगु, विनोद अग्रवाल, अमर माण्डवी व डॉ के के नायक सहित शहर और ग्रामीण ब्लॉक के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निधन-गणेशराम सेन



**भाटापारा।** शहर के युवा अधिवक्ता गणेश राम सेन का हृदयाघात से निधन हो गया उनके निधन पर वरिष्ठ अधिवक्ता जीडी मानिकपुरी व विमल मानिकपुरी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि दी है।

# पंचायती मंदिर में पुरषोत्तम मास महोत्सव के अंतिम दिवस मनाया दीपावली का भव्य उत्सव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय पंचायती मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिवस पर दीपावली उत्सव का शानदार आयोजन किया गया जिसमें मंदिर को फूलों एवं दीपों से सजाया गया। आयोजक विनोद शर्मा,अरविंद दधीच के द्वारा आतिशबाजी का भी कार्यक्रम एवं जगह-जगह दीप जलाए गए अंत में सखियों एवं भक्तों को मिठाईयां वितरण किया गया। इस अवसर पर पुराने बुजुर्गों को याद किया गया रामनैनी अग्रवाल ,रंभा देवी नथानी ,कमला देवी अग्रवाल, तुलसा देवी अग्रवाल, गुलबा सोनी ममता जोशी, विजया वाडेर, मंझली मैया, जोशन दादी, कस्तूरी मौसी,हरियाणा वाली आदि अनेका अनेक लोग जिन्होंने सखी परिकर परंपरा का आगाज किया आज उनके आशीर्वाद से सतत पंचायती मंदिर में भजन कीर्तन जारी है। इस अवसर पर किरण जोशी, सीमा मल, मनीषा गट्टानी, ज्योति, ममता अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, इत्यादि सखियां उपस्थित थे।



# नकली शराब बनाने का भांडा फूटा आबकारी टीम को बड़ी सफलता






ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आबकारी विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने के सामान सहित मध्य प्रदेश प्रोडक्ट की गोवा शराब की एक लंबी खेप जब्त करने मे सफलता हासिल की है। उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी टीम ने साढे छह लाख रूपये से अधिक मूल्य के मध्यप्रदेश प्रोडक्ट की गोवा शराब व नकली शराब बनाने के रैपर, प्रिंटर, स्कैनर व नकली ढक्कन भी बरामद किया है। आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मांढर निवासी दिलीप घृतलहरे के मकान की तलाशी लेते हुये उसके घर से दो हजार नग देशी मदिरा मसाला शराब का नकली ढक्कन व 800 नग देशी मदिरा मसाला का नकली लेबल भी बरामद किया है। आबकारी विभाग को जांच के दौरान पता चला कि नकली शराब के लिये लेबल की छपाई भी उसके घर मे रखे प्रिंटर मशीन से किया जाता था यह ज्ञात रहे कि आबकारी विभाग ने भाटापारा शहर के पंचशील नगर के एक मकान मे भी कुछ दिन पहले नकली शराब बनाने के सामान व रैपर जब्त किया था उसके बाद से आबकारी विभाग की टीम चौकन्ना होकर जांच पड़ताल मे जुटी हुई थी कि सूत्रो से उन्हे ज्ञात हुआ कि भाटापारा से 15 किलोमीटर दूर ग्राम मांढ़र मे दिलीप घृतलहरे के मकान मे अवैध शराब का कारोबार धडल्ले से किया जा रहा है उक्त आधार पर आबकारी टीम ने दबिश देकर लगभग साढे छह लाख रूपये से अधिक मूल्य का जखीरा बरामद किया है। दिलीप घृतलहरे के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1), 34 (2), 36-50 क के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही मे विकास गोस्वामी, समीर मिश्रा, जलेश सिंग, विपिन पाठक एवं आबकारी अमला शामिल थे। आबकारी टीम ने अवैध शराब से जुडे प्रकरण मे प्रयोग किये जा रहे चौपहिया वाहन मारूति सुजुकी क्रमांक सीजी 04 एचसी 6452 को भी जब्त किया है।

# स्टंट बाज युवक के विरूद्ध पुलिस ने की कार्यवाही





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के सख्त निर्देश के बाद असामाजिक गतिविधियों मे संलग्न लोगों के विरूद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यवाही मुहिम मे शहर थानेदार योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन मे पुलिस टीम ने नगर के व्यस्तम ईलाके मे खतरनाक तरीके से बाईक चलाते हुये स्टंट करने वाले युवक के विरूद्ध कार्यवाही की है। उक्त संबंध मे पुलिस सूत्रों ने बताया कि मेहता नगर निवासी 21 वर्षीय युवक धनराज जांगडे जो कि भीड़भाड़ वाले ईलाके मे अपनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 22 वी 9581 मे खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुये वाहन दौड़ा रहा है इस हरकत को सिटी सर्विलांस सिस्टम के जरिये ट्रेस किया गया जिसमे धनराज जांगडे दुपहिया वाहन के जरिये खतरनाक स्टंट करते हुये नजर आया जिस पर पुलिस टीम ने उसको पकड़कर उसके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत चालानी कार्यवाही की है व 2000 रूपये के चालान काटे गये है। उक्त कार्यवाही मे भूखन वर्मा, विनोद सिंग व इंन्द्र सोनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# व्यक्ति को शान्ति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है श्रीमद्भागवत- पं. हरगोपाल शर्मा

भाटापारा। पुरुषोत्तम मास ( श्रावण मास ) के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित जगदम्बा ज्वेलर्स के संचालक कमल कुमार किशन कुमार सोनी के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैसे नदियों में गंगा,देवताओं में श्रीकृष्ण,वैष्णवों में भगवान शंकर,क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम है इसलिए इसे श्रीमद शब्द से अलंकृत किया गया है ।



मृत्यु को मंगलमय व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद्भागवत है व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र श्रीमद्भागवत है एक जन्म नही अनन्त जन्मों के पुण्य उदय होते है तो ही भागवत श्रवण में रुचि हो पाती है ।

मनुष्य के लिए कोई परम् धर्म है तो वो है भगवान के चरणों मे प्रीति इसके माध्यम से व्यक्ति नर से नारायण के पद को प्राप्त हो सकता है जैसे ध्रुव जी हुए जिस घर मे सुनीति जैसी माताएं होती है वहां ध्रुव जैसा बालक जन्म लेता है और अपने कुल का उद्धार कर देता है ।

पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि विपत्ति को विपत्ति नही कहते व संपत्ति को संपत्ति नही कहते भगवान को भूल जाना ही विपत्ति और भगवान की याद बनी रहे यही सबसे बड़ी संपत्ति है ।मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन प्रमुख है रूप,यौवन,संपत्ति व बड़ा पद विवेक नही होने पर यदि ये चारों किसी के पास है तो वो अधर्मी ही बनेगा ।

कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए पंडित हरगोपाल शर्मा जी ने बताया कि जब इस धरा पर धर्म की हानि होती है और पाप बढ़ता है तब तब भगवान अपने भक्तों के लिए व इस धरा से पाप व पापियों को मिटाने के लिए अवतरित होते है ।भगवान के जन्मोत्सव की कथा को श्रवण कर उपस्थित श्रोतागण बधाई उत्सव के भजनों पर अपने आपको झूमने व नाचने से नही रोक पाये ।पंडित हरगोपाल जी द्वारा व्यासपीठ से भगवान के सुंदर बाल चरित्र व गिरिराज जी की कथा का सुंदर वाचन किया गया । महारास के संदर्भ में उन्होंने बताया कि यह कोई स्त्री पुरुष का मिलन नही यह तो जीव का जगदीश से मिलन था जहां काम का कोई स्थान ही नही था काम को जीतने के लिए ही प्रभु ने रासलीला की और जब काम वहां आया तो भगवान ने उसे आकाश में उल्टा लटका दिया था । शर्मा जी ने उद्धव गोपी संवाद व सुदामा चरित्र को बड़े ही विस्तार से सुनाया जिसे सुन श्रोताओं के नेत्र सजल हो उठे । रुक्मणि मंगल की कथा पर उन्होंने बताया कि रुक्मणि जी ने कभी भगवान को देखा नही था उन्होंने बचपन मे नारद जी से भगवान के सुंदर स्वरूप व स्वभाव के विषय मे सुना था संतो के सानिध्य व सत्संग का प्रभाव ये हुआ कि रुक्मणि जी ने द्वारिकाधीश जी को पति के रूप में प्राप्त किया । रुक्मणि मंगल पर विवाह के सुमधुर भजनों पर उपस्थित श्रोता द्वारिकाधीश के जयकारों के साथ नाचते झूमते रहे । अंत मे उन्होंने समस्त भगवत प्रेमियों से यही निवेदन किया



कि जिनका नाम समस्त पापों का नाश करता है जिनको किये गए प्रणाम से सभी दुख शांत हो जाते है ऐसे परमात्मा का मनुष्य को सदा चिंतन व वंदन करते रहना चाहिए ।

# भाटापारा में व्यवस्थित बस स्टैंड नहीं होने से यात्री भटक रहे हैं

## बस स्टैड निर्माण के प्रति शासन प्रशासन की उदासीनता से लोग आक्रोशित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के आम नागरिकों के हित मे व्यवस्थित बस स्टैड बनाये जाने की नितांत आवश्यकता है वर्तमान मे भाटापारा से मुंगेली, भाटापारा से बेमेतरा, भाटापारा बिलासपुर, भाटापारा से पथरिया, भाटापारा से नवागढ़, भाटापारा से करहीबाजार, भाटापारा से बलौदाबाजार सहित अन्य मार्गो पर चलने वाली तमाम यात्री बसों के ठहराव के लिये सुव्यवस्थित बस स्टैड शहर मे नहीं होने से जगह जगह मुख्य सड़को से हीं बसों का संचालन हो रहा है जिसमे बसो के आगमन व निर्गमन सड़क पर से होने से आम यात्रियों को बारिश धूप के साथ साथ दुर्घटना के आशंका के बीच हीं सड़क पर बस मे चढना व उतरना पड़ रहा है। तमाम निजी बस संचालक, टेम्पो संचालक बस स्टैड के अभाव मे सड़क से हीं यात्री उतार व चढ़ा रहे है जिससे आम लोगो को सड़क जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है मौजूदा समय मे तमाम बसों व अन्य यात्री



वाहनो का जमावड़ा कालेज रोड़, मंडी रोड़, सुहेला रोड़, रेस्ट हाउस के पास, महारानी चौक सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर हो रहा है इससे न केवल यात्री परेशान है बल्कि तमाम यात्री बस चालक भी हलाकान हो रहे हे क्योकि सड़क पर बसों के खड़े होने से जगह जगह यातायात जाम हो रहा है जिससे दुपहिया वाहन चालक अन्य निजी वाहन चालक एवं पैदल चलने वाले सभी हलाकान है रेल्वे स्टेशन मार्ग पर तो आटो रिक्शा, स्कूल बस व यात्री बसों के सड़क पर खड़े रहने से उक्त मार्ग पर यातायात बूरी तरह जाम रहता है जिसके कारण लोगों को वहां पर निकलना मुश्किल हो रहा है। सड़क यातायात जाम की स्थिति को देखते हुये क्षेत्रिय नागरिकों ने अभी वैकल्पिक तौर पर कृषि उपज मंडी के समीप स्थित बस स्टैड को व्यवस्थित कर वहां तमाम बसो को स्टैड मुहैया कराने की मांग करते हुये सड़क पर जगह जगह खडी हो रहीं बसों को हटाने की दिशा मे ठोस कार्यवाही करने की मांग की है। नगर मे व्यवस्थित बस स्टैड नहीं होने से सभी दिशाओं के सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियो को धूप, बारिश व धूल की मार सहते हुये सड़क पर बस व अन्य यात्री वाहनो का इंतजार करते हुये खडे रहना पड़ता है। व्यवस्थित बस स्टैड के अभाव मे महिला यात्रियों को असहनीय मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है जो कि पेयजल, शौचालय व मूत्रालय जैसी व्यवस्था के अभाव मे सड़क मार्ग के यात्रियों को अप्रिय स्थिति का सामना करना पड रहा है। कृषि उपज मंडी समीप स्थित बस स्टैड जो कि अविभाजित मध्य प्रदेश मे पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. गनपत लाल शर्मा के कार्यकाल मे यात्रियों के हित मे बनाया गया था वहां आज तरह तरह के दुकान व अन्य अवैध कब्जे हो जाने से बस स्टैड पूरी तरह अतिक्रमण के चपेट मे आ गया है फलस्वरूप बसें सड़कों पर खड़ी हो रहीं है उक्त बस स्टैड के यात्री टिकट घर व यात्री प्रतीक्षालय पूरी तरह टूट फूट चुका है थोड़ा बहुत जो भी हिस्सा वहां पर ठीक ठाक स्थति मे है उस पर अवैध कब्जा से अब होटल खुल चुका है

*कुल मिलाकर भाटापारा नगर एक व्यवस्थित बस स्टैड के लिये आज तरस रहा है उल्लेखनीय बात यह है कि किसी भी पार्टी के राजनेताओ ने बस स्टैड निर्माण के प्रति अब तक पहल नहीं किया है जिसके कारण लोग सड़क पर बस पकड़ने के लिये नेताओं को कोसते हुये यह पूछते है कि अमुख दिशा की ओर जाने के लिये बस कहां पर मिलेगा क्योकि खरोरा - सुहेला मार्ग के लिये बस पकडने लोगो को माता देवालय तालाब के पास जाना पड़ता है, बिलासपुर, पथरिया, मारो, सरगांव व नवागढ़ के लिये कालेज रोड़ जाना पडता है वहीं करहीबाजार के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे सूरजपुरा मार्ग पर जाना पडता है इस प्रकार की अव्यवस्था बाहर से आने वाले यात्री पता पूछते पूछते हीं हैरान रहते है। जनहित मे व्यवस्थित बस स्टैड बनाये जाने की दिशा मे शीघ्र पहल होना चाहिये ताकि लोगों को भटकना ना पडे।*

भाटापारा जिला की मांग पुनः उठी

## अधिवक्ताओं ने मौन धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया, अन्य लोग भी स्वयं होकर पहुंचे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्वतंत्र भाटापारा जिला कि माँग को लेकर अधिवक्ता संघ ने मौन धरना तहसील चौक मे दिया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के लोगों ने पृथक व स्वतंत्र भाटापारा जिला की वर्षो पुरानी मांग को अतिशीघ्र पूर्ण करने व भाटापारा मे हीं नया जिला मुख्यालय प्रारंभ करने की पुरजोर मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि सभी योग्यताओं व मापदंण्डो को भाटापारा पूरा कर रहा है उसके बावजूद भाटापारा की हितो की उपेक्षा किया जाना खेद जनक विषय है।

प्रदेश मे भाटापारा से छोटे छोटे कस्बो को जिला बना दिया गया है लेकिन भाटापारा जैसे विशाल आबादी एवं भरपूर राजस्व देने वाले नगर को जिला के अधिकार से अब तक उपेक्षित रखना समझ से बाहर विषय है कि आखिर भाटापारा की जनता ने ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया है कि उसे उसका वाजिब हक अब तक नहीं मिल पाया है मौन धरना पर बैठे अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की भी मांग की। उक्त धरना मे नरेन्द्र यदू, सुकृत साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता गुरूचरण दास मानिकपुरी, पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, अजय साहू, राजकुमार मल के अलावा बडी संख्या मे अधिवक्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी दिवस पर रैली निकाली गई




**भाटापारा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। उक्त अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा बुधवार शाम को रैली निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से भ्रमण के पश्चात जय स्तंभ चौक मे समाप्त हुई। उक्त अवसर पर मणिपुर सहित अन्य क्षेत्रो मे आदिवासियों के उपर घटित घटना की निंदा करते हुये जय स्तंभ चौक मे कैडल जलाकर घटना मे मृत लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम मे दौलतराम कुंजाम, सतरूपा ध्रुव सहित बडी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित थे।

## 28 अगस्त को टोहड़ी घाट से खप्पर बाबा तक कांवर यात्रा



**भाटापारा।** महाकाल सेवा समिति के तत्वाधान मे आगामी 27 अगस्त को प्रातरू 8 बजे टोहडी घाट से कांवर यात्रा निकाली जायेगी जो टोहडी घाट स्थित शिवनाथ नदी से जल लेकर सूमा बाईपास होते हुये ग्राम खोलवा होकर बस स्टैड के रास्ते सती मंदिर, गोविंद चौक, सदर बाजार, रामसप्ताह चौक व महारानी चौक भ्रमण करते हुये परशुराम वार्ड स्थित कामनाथ महादेव खप्पर बाबा मे जलाभिषेक कार्यक्रम किया जायेगा। यहां से कांवर यात्रा पुनरू सांई कालोनी होते हुये रामनाथ महादेव कैलाश धाम जायेगी जहां जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कार्यक्रम होगा। उक्ताशय की जानकारी लालू मानिकपुरी ने देते हुये बताया है कि कांवर यात्रा मे शामिल होने के इच्छुक लोग 27 अगस्त को रात्रि 8 बजे तक टोहडी घाट अवश्य पहुंचे जहां पर रविवार को प्रातरू 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक भजन कार्यक्रम व प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

## सहायक शिक्षक गये हड़ताल पर, इधर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। एलबी संवर्ग सहायक शिक्षक संघ ने वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर हड़ताल प्रारंभ कर दिया है। उक्त संबंध मे ब्लाक अध्यक्ष कोदूराम देवांगन ने बताया कि छ.ग. सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षा फेडरेशन के बैनर तले उक्त आंदोलन जारी है।



जिसमे भाग लेने वाले आंदोलन कारियों ने यह नारा लगाया कि वेतन विसंगति दूर नहीं अगली पारी मंजूर नहीं। उक्त आंदोलन मे कविता साहू, योगेश तिवारी, कन्हैया साहू, दुष्यंत वर्मा, मोहर हेंवार, मोहन ध्रुव, ललित वर्मा, पवन देवांगन व मुनिया तिवारी सहित अन्य शिक्षक शामिल हुये। इधर शिक्षकों की हड़ताल से शहर व गांव मे स्थित प्राथमिक शालाओं मे अध्ययन अध्यापन कार्य बूरी तरह प्रभावित हुआ है अधिकांश स्कूलो मे छात्र-छात्र पहुंच रहे है लेकिन शिक्षक नदारद है जिससे पढाई मे व्यवधान उत्पन्न हो गया है।

## राहुल गाँधी की फ़्लाइंग किस का कृत्य विदेशी संस्कृति को दर्शाता है -डोमन वर्मा



**अर्जुनी।** संसद भवन में राहुल गाँधी की फ़्लाइंग किस का कृत्य विदेशी संस्कृति को दर्शाता है शायद राहुल गांधी को यह नहीं मालूम कि यह भारत है इटली नहीं यहाँ आज भी नारियो का सम्मान किया जाता है । पवित्र सदन में राहुल गांधी का यह बचकाना हरकत घोर आपत्तिजनक है जिसकी कड़ी निंदा करते हुवें भा ज़ पा मण्डल अध्यक्ष डोमन वर्मा ने कहा की राहुल गांधी अपने इस अशोभनीय हरकत के लिए नाक रगड़ कर देश की मातृ शक्ति से माफ़ी माँगे भारत की लोकसभा सदन भारत वाशियो के लिए मंदिर के समान पवित्र है गांधी परिवार का जागीर नहीं जिसमें राहुल गांधी कभी खड़े होकर अध्यादेश की कापी फाड़ता है कभी आँख मारता है कभी हक़ करता है तो कभी फ़्लाइंग किस करता है प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मण्डल अध्यक्ष डोमन वर्मा में राहुल गांधी की माता सोनिया गांधी से आग्रह किया है की वे अपने पचपन वर्षीय पुत्र की उचित व्यवस्था करेअन्यथा कुल को कलंकित होना पड़ सकता है।

संतोष कुमार साहू (लालू)

ब्यूरोचीफ
"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में
विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए
संपर्क करें
9827916119



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

## 77वें स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने संबोधित किया

**रायपुर।** पूरे राष्ट्र के साथ 77 वां स्वतंत्रता दिवस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित कार्यालयों में पारंपरिक रूप से एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मंडल का मुख्य कार्यक्रम रायपुर रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में आयोजित गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती मेघा एस. कुमार की गरिमामयी उपस्थिति मे मनाया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने मंडल सुरक्षा आयुक्त, श्री संजय कुमार गुप्ता की अगुवाई में परेड़ की सलामी ली । मंडल कार्मिक अधिकारी(प्रभारी) श्री राहुल गर्ग द्वारा स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम तैयार किया गया । अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान की सुमधुर धुन के साथ फहराया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया तथा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेल परिवार को संबोधित किया गया । स्वतंत्रता सेनानियो को स्मरण करते हुए सभी कर्मचारियों, यात्रियों, संगठनों, सेक्रो को मंडल रेल प्रबंधक ने बधाई दी उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह ऐतिहासिक एवं गौरवशाली दिन है। रायपुर रेल मंडल ने यात्री सुविधाओ, रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सुरक्षा-संरक्षा, उत्कृष्ट माल लदान, में अच्छा प्रदर्शन किया है अंतागढ़ से ताड़ोकी तक 17 किलोमीटर नई रेल लाइन तैयार कर ली गई हैं । इसी के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर मंडल के रायपुर ,दुर्ग,भिलाई पावर हाउस एवं तिल्दा-नेवरा स्टेशनों के कायाकल्प कर यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी।

स्टाफ वेलफेयर के तहत हैल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एच.एम.आई.एस) मॉड्यूल, स्टाफ क्वार्टर, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम,मेडिकल सुविधाओं में बढ़ोतरी की सुविधाएं दी हैं। इन सभी कार्यो में योगदान के लिये सभी रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों की प्रसंशा की । मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती मेघा एस कुमार ने राष्ट्रीय एकता को दर्शाते तिरंगे गुब्बारों और शांति के प्रतीक शवेत कबूतरों को नीले आकाश में छोड़ कर सभी को उत्साहित किया । स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया ।







**स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती मेघा एस. कुमार ने अनेकता में एकता का प्रतीक रंग-बिरंगे तिरंगें गुब्बारे आकाश में छोड़े ।**

**मेरी माटी मेरा देश के तहत शपथ ली गई**



### मेरी माटी मेरा देश के तहत शपथ भी ली गई।

आज इस कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) श्री आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री आर के साहू, एवं अन्य विभागीय अधिकारी सहित सेक्रो की पदाधिकारिया, यूनियन के प्रतिनिधिगण, मीडिया के सदस्य, रेल कर्मी उपस्थित रहे ।

# लायंस कॉन्वेंट में स्वतंत्रता दिवस की 77 वर्षगाँठ मनाई गयी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** लायंस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल भाटापारा में स्वतंत्रता दिवस की 77 वर्षगाँठ मनाई गई, जिसमें सर्वप्रथम लायंस क्लब के अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल एव संरक्षक रोशन हबलानी जी के द्वारा छात्र शिक्षक ,शिक्षाएं और पलकगनो की उपस्थिति में ध्वजारोहन किया गया लायंस क्लब के सभी सदस्य गनों के द्वारा स्वतंत्रता दिवस शुभकमनाएं दी उसके विद्यार्थी द्वारा मनमोहक देश भक्ति के ऊपर नृत्य एव भाषन प्रस्तुत किया गया उसके अगले कड़ी में जो बच्चे बोर्ड की परीक्षा में स्थानीय परीक्षा में अच्छे नंबर से उत्तीर्ण कि उनको उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एव उन्हें परितोषिक देकर सम्मान किया गया बच्चों को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल ,सचिव सूरज गुप्ता, चिकित्सक विमल त्रिपाठी, सचिव सूरज गुप्ता संरक्षक रोशन हबलानी ,मुकेश थरानी , अरुण मुंगड़ा , श्याम रतन मुधंडा , प्रचार्या भोलेश्वरी पटेल उपस्थित रह कार्यक्रम का सूत्र संचालन कक्षा 12वीं से वर्षा मिरी,भारती नारंग,जय सोनवानी ने बहुत ही अच्छे तरीके से संचालन किया।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा- 77वी स्वतन्त्रता दिवस के इस स्वर्णिम अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आजादी के पर्व 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबंध समिति के सह-सचिव विशाल पार्पयानी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात माँ सरस्वती ओम एवं भारतमाता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भैया-बहनों के द्वारा अरपा पैरी के धार गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उसके उपरान्त समिति सदस्य बिहारी लाल अग्रवाल ने 15 अगस्त की महत्ता एवं इस पर्व की सार्थकता को बड़ी ही सारगर्भित रूप से प्रस्तुत किये। विद्यालय के आचार्य परसराम साहू ने भी इस पावन पर्व की गरिमा और देश-प्रेम की भावना के प्रति विशेष प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के निमित्त प्रबंधकारिणी की ओर से श्री विष्णु अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल, प्रवीण जैन, सहसचिव विशाल पार्पयानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



भारत माता की आरती एवं शांतिपाठ के कार्यक्रम का समापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुनीता तिवारी दीदी जी के मार्गदर्शन पर संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रीकांत मंडल जी के द्वारा आभार पर्दशन किया गया ।

# 'दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 77 वां स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया '

## 'मेरी माटी मेरा देश के' के अंतर्गत हाथ में मिट्टी लेकर महाप्रबंधक ने एनईआई ग्राउंड में सभी को शपथ दिलाई







**बिलासपुर ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर 77वें स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा व परंपरा के अनुसार दिनांक 15 अगस्त 2023 को मनाया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम एन ई. इंस्टीट्यूट ग्राउंड, बिलासपुर में प्रात: 09.00 बजे श्री आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई ।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री आलोक कुमार, महाप्रबंधक द्वारा प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री मुनव्वर खुर्शीद की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । तद्उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेन्स एवं सेन्टजांस एम्बुलेंस के द्वारा तैयार किये गये आकर्षक परेड का निरीक्षण किया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आलोक कुमार ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दिया ।

उन्होने कहा कि 15 अगस्त का दिन हम सभी देशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है । आज का दिन उन सभी अमर शहीदों तथा देशभक्तों को याद करने का दिन है जिन्होनें आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी । हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन और देश के हित में मिलकर कार्य करें,उनके प्रति यही सच्ची श्रद्धांजली होगी ।

देश की गति व प्रगति में भारतीय रेलवे का सदैव महत्वपूर्ण योगदान रहा है । आम जनों को यातायात के सुलभ व किफ़ायती साधन प्रदान करने में भारतीय रेलवे व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है । छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा प्रदेशों में अपनी सेवा प्रदान करता हुआ यह रेलवे अपनी भूमिका का निरंतर उन्नयन कर रहा है ।

हमारे लिए यह गौरव कि बात है कि बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग सहित हमारे 9 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 06 अगस्त 2023 किया गया । अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत इस रेलवे के 49 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन 1868 करोड़ रुपए रुपये की लागत से किया जाएगा । स्टेशनों को विकसित करने का लक्ष्य हमारे रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है ।

इसके अंतर्गत स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल,खान-पान, पीने का पानी की सुविधा के साथ एटीएम, इंटरनेट,वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज आदि शामिल हैं । स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्याङ्ग जन के अनुकूल सुविधाएं होंगी । स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन को सिटी सेंटर की तरह विकसित किया जायेगा ।

> **'इस अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर में पूर्णतः मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर व 'फायर हायड्रेन्ट सिस्टम' का शुभारंभ किया गया'**

उन्होने कहा कि हमें गर्व है कि देश कि छठवीं और मध्य भारत कि पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत 11 दिसम्बर 2022 को माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा नागपुर से बिलासपुर के बीच की गई । यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु टीटीई को हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस प्रदान किया गया । इस प्रणाली से ट्रेनों की खाली बर्थ ऑटोमेटिक रूप से यात्रियों को प्राप्त होती है । मोबाइल के माध्यम से यात्रियों को घर बैठे जनरल टिकट प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गई है । गत वर्ष विभिन्न स्टेशनों में 25 नए फुट ओवर ब्रिज, 14 प्लेटफार्म शेल्टर व 17 प्लेटफॉर्म रेजिंग के कार्य किए गए । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 19 ट्रेनों में परंपरागत आईसीएफ़ कोच की जगह आरामदायक एलएचबी कोच लगाए गए ।

राष्ट्र की गति और प्रगति के साथ कदमताल करते हुये हमने माल ढुलाई में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की । वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमारी रेलवे ने रिकॉर्ड 214 मिलियन टन से अधिक माल ढुलाई किया । यह सब आप सभी रेल कर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से ही संभव हो सका है । इसमें आपके परिवारजनों का भी सहयोग शामिल है । इसके लिए आपस भी बधाई के पात्र हैं । इस बार हमें 234 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य मिला है । यद्यपि लक्ष्य कठिन है, लेकिन हम एक साथ मिलकर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सफल होंगे ।

बढ़ते हुए ट्रैफिक व भविष्य में अधिक सुविधा प्रदान करने हेतु आधार भूत संरचना के कार्य तीव्रगति से किए जारहे हैं । वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमनें 250 किलोमीटर नए सेक्शन के निर्माण के साथ,170 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिंग की कमीशनिंग के कार्य को पूरा किया । जबलपुर-गोंदिया, छिंदवाड़ा-मांडला फोर्ट गेज कनवर्ज़न, केवटीङ्गअंतागढ़ नई लाइन, रायपुर-टिटलागढ़ दूसरी लाइन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न कर इनमें यात्री ट्रेन सेवाओं की शुरुआत कर दी । नागपुर से बिलासपुर कीसेक्शनल स्पीड बढ़ाकर राजधानीरूट के समकक्ष 130 किलो मीटर प्रति घंटा की जा चुकी है। आधारभूत संरचना को और तीव्र करने के लिए तीनों डिविजन मे गति शक्ति यूनिट की स्थापना की गई है ।

संरक्षित रेल परिचालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताहै । हमारी रेलवे के सभी 416 एसी कोच में स्मोक डिटेक्शन सिस्टम का प्रावधान किया गया है । एक महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत झारसुगुडा से नागपुर मेन लाइनको अत्याधुनिक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन कवच के दायरे में लाया जा रहा है । हम सभी को चाहिएकि संरक्षा को अपनी दैनिक कार्य प्रणाली में शामिल करें तथा संरक्षा संबंधी नियमोंका अनुपालन करें । ट्रेन परिचालन में किसी भी प्रकार की शॉर्ट कट का उपयोग न करें

मानव संसाधन संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं ।गत एक वर्ष में 4,300 से अधिक नये कर्मवीरों की नियुक्ति की गई तथा 3,500 से अधिक कर्मियों का प्रोमोशन किया गया । साथ ही अपने रेल परिवार के 222 आश्रितों की अनुकंपा आधारित नियुक्ति की गई । अपने कर्मियों के 887 बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु एक करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उच्च शिक्षा के लिए तथा 44 दिव्याङ्ग बच्चों को 19 लाख की राशि प्रदान की गई । अपने कर्मवीरों के स्वास्थ्य व उत्थान हेतु हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं । रेलवे परिक्षेत्र में लगभग 90 लाख रुपये की राशि से 12 आउटडोर जिम के इक्यूप्मेंट्स तथा झूलों सहित 09 चिल्ड्रन पार्क बनाए गए हैं । अपने स्टाफ को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ब्रजराजनगर सहित अन्य स्टेशनों में पिछले एक वर्ष में 197 नए क्वार्टर का निर्माण किया गया । पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कदम बढ़ाते हुए 28 स्टेशनों में रेन वॉटर हारवेसटिंग्स प्लांट बनाए गए । उसलापुर तथा इतवारी स्टेशनों में वॉटर रिसायक्लिंग्स प्लांट व शहडोल तथा रामटेक स्टेशनों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया । रेल मंत्रालय के ज़ीरो कार्बन मिशन के दृष्टिगत भिलाई में 50 मेगा वाट के सोलर पॉवर प्लांट का परीक्षण अंतिम चरण में है ।





# समाज को स्नेह सूत्र में बाँधने निकले संत

यह कितनी सुखद बात है कि समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता एवं समरसता के भाव को बढ़ाने के लिए साधु-संत 'स्नेह यात्रा' पर निकल पड़े हैं। जब द्वार पर आकर संत कुछ आग्रह करते हैं, तब हिन्दू समाज का कोई भी वर्ग उस आग्रह को अस्वीकार नहीं कर सकता। मन में असंतोष होगा, लेकिन संतों का सम्मान सबके हृदय में सर्वोपरि है। इसलिए तो सब भेद भुलाकर, हिन्दू विरोधी ताकतों के उलाहने नकारकर, भगवत् कथा का श्रवण करने के लिए सभी वर्गों के लोग संतों के पंडाल में एकत्र हो जाते हैं। हम जानते हैं कि भारत को कमजोर करने के लिए बाह्य विचार से पोषित ताकतें हिन्दू समाज के जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। ये ताकतें पूर्व में हुए जातिगत भेदभाव के घावों को कुरेद कर अनुसूचित जाति वर्ग के बंधुओं के कोमल हृदय में द्वेष के बीज बोने का काम कर रही हैं, जबकि कोशिश होनी चाहिए उनके घावों पर मरहम लगाने की। परंतु जिनका स्वार्थ परपीड़ा से सध रहा हो, वे जख्म पर नमक ही छिड़केंगे। उनसे कोई और उम्मीद करना बेमानी है। ऐसे वातावरण में संत समाज ने आगे आकर, सभी वर्गों में बंधुत्व के भाव को बढ़ाने के जो प्रयास किए हैं, वह अनुकरणीय हैं। समाज की सज्जनशक्ति को संतों के साथ जुड़ना चाहिए और स्नेह धारा को आगे बढ़ाना चाहिए।





मध्यप्रदेश के सभी जिलों में गाँव-गाँव जब ये संत पहुँच रहे हैं, तब समाज का विश्वास बढ़ानेवाले दृश्य दिखायी दे रहे हैं। सामूहिक भजन और सामूहिक भोजन, एक ही संदेश हम सब एक ही माला के मोती हैं। एक ही ब्रह्म का अंश सबमें हैं। हम मिलकर रहेंगे, तब कोई भी परकीय आक्रमण हमें नुकसान नहीं पहुँचा सकते। उल्लेखनीय है कि जब भी भारत में धर्म की हानि हुई है या फिर समाज कमजोर पड़ा है, तब उसे संतों ने ही संभाला है। आचार्य शंकर का उदाहरण प्रासंगिक होगा कि जब देश में हिन्दुत्व की डोर कमजोर पड़ी, तब उन्होंने समूचे देश की परिक्रमा करके उसे एकात्मता के सूत्र में जोड़ने का काम किया। स्वामी समर्थ रामदास ने महाराष्ट्र के एक स्थान से निकलकर समूचे देश में हनुमान जी के संदेश को पहुँचाया और अखाड़ों के रूप में शक्ति के केंद्र स्थापित किए। जब देश-विदेश में हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा था, तब स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म संसद के मंच से दुनिया को आईना दिखाने का महान कार्य किया और हिन्दू धर्म की विजय पताका विश्व पटल पर फहरा दी। जब हम अपनी सांस्कृतिक मूल्यों से दूर हुए तब स्वामी दयानंद सरस्वती आगे और उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से हमारा मार्ग प्रशस्त किया। कबीर, तुलसी, नानक आए और सूरदास, रैदास, तुकाराम, नामदेव, ज्ञानेश्वर ने समाज को दिशा दी। भारत में संतों की एक लंबी परंपरा है, जिन्होंने समाज को संभालने के कार्य को ही अपनी साधना बना लिया।

जब अस्पृश्यता का संकट समाज को खाये जा रहा था, तब संत स्वरूप माधव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने देश के प्रमुख संत-महात्माओं से आग्रह किया कि वे सभी एक मंच पर आकर हिन्दू समाज को सामाजिक समरसता का संदेश देवें। श्रीगुरुजी के प्रयासों से 13-14 दिसंबर, 1969 को उडुपी में आयोजित धर्म संसद में देश के प्रमुख संत-महात्माओं ने एकसुर में समरसता मंत्र का उद्घोष किया-

'हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दूः पतितो भवेत्।
मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता।।'

अर्थात् सभी हिन्दू सहोदर (एक ही माँ के उदर से जन्मे) हैं, कोई हिन्दू नीच या पतित नहीं हो सकता। हिन्दुओं की रक्षा मेरी दीक्षा है, समानता यही मेरा मंत्र है। श्रीगुरुजी को विश्वास था कि देश के प्रमुख धर्माचार्य यदि समाज से आह्वान करेंगे कि अस्पृश्यता के लिए हिन्दू धर्म में कोई स्थान नहीं है, इसलिए हमें सबके साथ समानता का व्यवहार रखना चाहिए, तब जनसामान्य इस बात को सहजता के साथ स्वीकार कर लेगा और सामाजिक समरसता की दिशा में बड़ा कार्य सिद्ध हो जाएगा। संतों के इस आह्वान का प्रभाव हुआ और समाज से बहुत हद तक जातिगत भेदभाव की समस्या दूर हो गई।

हालांकि आज जातिगत भेदभाव की समस्या पूर्व की भाँति नहीं है। परंतु जिस प्रकार से भारत विरोधी ताकतें जातिगत एवं सांप्रदायिक भेद को उभारकर, समाज के विभिन्न वर्गों में द्वेष उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं, वैसी स्थिति में यह आवश्यक हो जाता है कि समाज को संभालने का सामर्थ्य रखनेवाली संस्थाएं आगे आएं। इस भूमिका को संतों से बेहतर कोई नहीं निभा सकता था। यह अच्छा ही है कि 'स्नेह यात्रा' का नेतृत्व संत कर रहे हैं। संतों के नेतृत्व में ही यह यात्राएं 16 अगस्त से सभी जिलों में एक साथ प्रारंभ हुई हैं, जो 26 अगस्त को पूर्ण होंगी। संतों के स्वागत एवं सान्निध्य के लिए जिस प्रकार नागरिक समुदाय उमड़ रहा है, उससे संकेत मिलता है कि 'स्नेह यात्रा' का सुफल परिणाम प्राप्त होगा। समाज में सकारात्मक एवं समरस वातावरण बनेगा।







- लोकेन्द्र सिंह

# गोरक्षा आंदोलन के परम प्रेरणास्रोत स्वामी करपात्री जयंती महोत्सव संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की जयंती समारोह के उपलक्ष में आज मारवाड़ी कुमार शिव मंदिर प्रांगण में दिव्य रुद्राभिषेक समारोह सत्संग संगोष्ठी का भव्य कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ इस अवसर पर श्री शास्त्री जी ने अपने सारगर्भित प्रवचन में भक्तों को स्वामी जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर धर्म संस्कृति समाज एवं राष्ट्र के लिए सनातन परंपरा का अनुपालन करते हुए जन जागरण का कार्य सक्रियता पूर्वक करते रहने का संदेश दिया स्वामी श्री करपात्री जी महाराज ने विषम परिस्थितियों में स्वधर्म का पालन करते हुए भारतीय संस्कृति वर्णाश्रम धर्म व्यवस्था वैदिक परंपरा अनुकूल देश में दिव्य वातावरण निर्माण के साथ धर्म नियंत्रित पक्षपात विहीन शोषण मुक्त सर्वहितप्रद सनातन शासन तंत्र की स्थापना हेतु जीवन पर्यंत अद्भुत प्रयास कर धर्म संघ राम राज्य परिषद के माध्यम से अलौकिक उदाहरण प्रस्तुत किया भारत की अखंडता एवं धर्म सापेक्ष राजनीति की स्थापना तथा हिंदुओं के प्रशस्त मान बिंदुओं की रक्षा हेतु बड़े-बड़े क्रांतिकारी आंदोलनों का नेतृत्व कर धर्म जागरण के द्वारा लोगों के हृदय में ईश्वर धर्म तथा राष्ट्र के प्रति विशेष भावना जागृत किया भौतिकवादी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोकने में स्वामी श्री करपात्री जी महाराज का योगदान इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु महान यज्ञ का संपादन एवं दिल्ली में गौ रक्षा के लिए उन्होंने संसद का घेराव करवाकर अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया जिसमें 1000000 गौ भक्त उपस्थित हुए थे उन्होंने व्यास परंपरा के अनुसार गुप्त ज्ञान विज्ञान को प्रकट किया विकृत ज्ञान विज्ञान को शोधन किया तथा सूत्रात्मक ज्ञान को विस्तारित कर अनेकों ग्रंथों की रचना की आज उनके द्वारा लिखित ग्रंथों का अधिक से अधिक प्रचार की आवश्यकता है जैसे कि वेदार्थ पारिजात, भक्ति सुधा,विचार-विमर्श तथा रामायण मीमांसा आदि अद्भुत ग्रंथ अनुशीलन करने योग्य है उनके द्वारा प्रदर्शित आदर्श मार्ग अत्यंत उपयोगी है इस अवसर पर धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्यों सहित श्रद्धालु भक्तजन भारी संख्या में उपस्थित थे श्री नरेश शर्मा सतनारायण जोशी दीपक राय प्रेमचंद्र भूषाणिया विजय शर्मा नरेश चौबे राजू यादव लोकेश जोशी महेश चौबे रमेश श्रीमाली गौरव बावला मोहन केसरवानी राजेश उपाध्याय हेमंत मल शिवम गुप्ता नरेश केसरवानी शंकर शर्मा श्रीमती सुषमा मिश्रा सरिता शर्मा चेतना साहू श्रीमती शशि दुबे शालू शर्मा हेमंत गुप्ता जी आदि अनेक भक्तों ने अंत में हिंदू राष्ट्र निर्माण संकल्प पूर्ति हेतु सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर जीवन को कृतार्थ किया।



# 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बालको में धूमधाम से संपन्न

**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 77वां स्वतंत्रता दिवस प्रशासनिक भवन परिसर में धूमधाम से आयोजित किया। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने बालको कर्मचारियों के निरंतर श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।



सीईओ ने अपने वक्तव्य में बताया कि देश की उत्तरोत्तर प्रगति में बालको का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में समर्पित प्रयासों से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल की मदद से घरेलू उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। सतत विकास के साथ बालको अपने एल्यूमिनियम निर्माण के माध्यम से वैश्विक स्तर पर राष्ट्र नेतृत्व करने का प्रयास कर रहा है। श्री राजेश ने सभी से इस यात्रा का हिस्सा बनने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

श्री राजेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी साढ़े पांच दशक की औद्योगिक यात्रा में बालको ने छत्तीसगढ़ और देश की सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रशंसनीय भूमिका निभाई है। बालको के योगदान से राज्य में हजारों करोड़ रुपए के व्यावसायिक अवसर निर्मित हुए। अपने प्रत्येक प्रचालन में बालको ने 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' की नीति का पालन सुनिश्चित किया है। विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है।

समारोह में नागरिकों को मतदान में भाग लेने और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए शपथ दिलाया गया। भारत सरकार के 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का जश्न मनाते हुए बालको परिवार के सदस्यों ने वतन की मिट्टी के साथ अपने फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों, उत्कृष्ट कार्य और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुरक्षा गार्डों और



कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

श्री राजेश एवं बालको के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर बालको अस्पताल के मरीजों को फल वितरित किए और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने की दिशा में निस्वार्थ समर्पण के लिए बालको अस्पताल के चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त की।





# बालको द्वारा फुटबॉल चैंपियनशिप में प्रत्येक गोल पर 10 पौधे लगाने का संकल्प

बालकोनगर । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी बहुप्रतीक्षित फुटबॉल चैंपियनशिप का समापन किया। कंपनी ने चैंपियनशिप के दौरान किए गए प्रत्येक गोल पर 10 पेड़ लगाने का वादा किया है।





पूरे टूर्नामेंट में कुल 75 गोल करने के साथ बालको अब अपने प्रचालन के आसपास 750 पेड़ लगाने के लिए तैयार है जो हरित दुनिया बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बालको के फुटबॉल टूर्नामेंट में 1500 से अधिक बालको कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भागीदारी की। 25 दिनों के दौरान 32 टीमों ने चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया और मैदान पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के बीच टीम वर्क को प्रोत्साहित करने का अवसर मिला जिससे कार्यस्थल की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी। इस आयोजन ने प्रतिभागियों को फुटबॉल खेलने का मंच भी प्रदान किया जो लोकप्रिय खेल है।

बालको के मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मैदान के अंदर और बाहर टीम वर्क की शक्ति में विश्वास करते हैं। हमारी फुटबॉल चैंपियनशिप एकता और सौहार्द की भावना का प्रमाण है जो हमारे संगठन और इसकी टीमों को परिभाषित करती है। दागे गए गोल तथा जीते गए मैचों से परे यह चैंपियनशिप समुदाय और पर्यावरण की मजबूत भावना को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह अनूठी पहल पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति हमारे समर्पण और सभी के लिए एक हरा-भरा, स्वस्थ भविष्य बनाने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। अपनी स्थायी उत्पादन संस्कृति और सामुदायिक विकास के माध्यम से हमारा लक्ष्य आसपास की दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखना है।



बालको के फुटबॉल चैम्पियनशिप खेल के माध्यम से कर्मचारी एकजुटता को बढ़ावा देने के नवीनतम प्रयास है। पहले भी कंपनी ने बालको प्रीमियर लीग (क्रिकेट) तथा बालको वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। सभी चैम्पियनशिप बालको स्टेडियम में आयोजित किए गए थे। यह अत्याधुनिक बहु-खेल सुविधा और एथलेटिक्स का केंद्र बन गई है जो बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी और अन्य सहित कई प्रकार के खेलों की सुविधा प्रदान करती है। स्टेडियम से बालको के कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदारों के साथ-साथ ही स्थानीय समुदाय के लोग भी लाभान्वित हो रहे है और खेलों के माध्यम से उनका समग्र विकास हो रहा है।

*'ज़ीरो हार्म, ज़ीरो वेस्ट और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण' के दृष्टिकोण का पालन करते हुए बालको लगातार सस्टेनेबल उत्पादन मॉडल को अपनाया है जो आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक आयामों को अपने प्रचालन में शामिल किया है। पर्यावरणीय प्रयासों के तहत बालको ने वित्त वर्ष 2023 में लगभग 1.23 लाख पौधे लगाए जो स्थानीय पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति बालको की प्रतिबद्धता हो प्रदर्शित करता है। वनीकरण प्रयासों के अलावा बालको सक्रिय रूप से अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने तथा उद्योग के भीतर पर्यावरणीय चेतना के स्थिति को मजबूत करने के लिए हरित रास्ते तलाश रहा है।*

# भाटापारा में कन्या भारती का गठन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** 12 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजपुरा रोड भाटापारा में कन्या भारती का गठन किया गया और संस्था के अनुशासन समिति प्रमुख सुरेन्द्र कुमार शर्मा वरिष्ठ आचार्य अंग्रेजी द्वारा कन्या भारती तथा संस्था के वरिष्ठ आचार्य हिंदी संजय कुमार तिवारी द्वारा कन्या भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष त्रिवेणी वर्मा तथा सौरभ सिंह सोनवानी, उपाध्यक्ष महक शर्मा, खुमेश साहू; सचिव चंचल साहू, सौरभ सिंह राजपूत; सहसचिव निष्ठा सोनी, गोविंद साहू; सेनापति वर्षिता यदु, अमन साहू; अपसेनापति दीपाली बंजारे, दुर्गेश राठौर; प्रार्थना प्रमुख युशी साहू, सेजेंद्र साहू; सह प्रार्थना प्रमुख पायल यादव; सांस्कृतिक प्रमुख वीणा साहू, विक्रम सोनी; सह सांस्कृतिक प्रमुख प्राप्ति देवांगन; क्रीड़ा प्रमुख मिताली ध्रुव, देवसिंह ठाकुर; खोया पाया प्रमुख लवली मरावी , लाकेश सिंह ध्रुव; जल एवम स्वच्छता प्रमुख शिवांगी निर्मलकर, दुष्यंत साहू; चिकित्सा प्रमुख यशस्वी शर्मा, राकेश साहू; अनुशासन प्रमुख कविता साहू, कृष्णा को शपथ आचार्य संजय तिवारी और सुरेंद्र शर्मा के द्वारा दिलाई गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका निकिता शर्मा और रेखा वर्मा द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था के छात्र चिन्मय साहू द्वारा तिलक लगाकर किया गया इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य टेक राम वर्मा ने बच्चो को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैदिक गणित आचार्य श्री मालिक राम वर्मा, श्री मनोज सिन्हा, जगन्नाथ वर्मा, अजय बाजपेई (लेखा शास्त्र वाणिज्य समूह) चेतन साहू(भौतिक), सागर वर्मा(रसायन) रमाशंकर त्रिपाठी(विज्ञानप्रभारी) रेखा वर्मा द्वारा किया गया।

# निकली टोहडीघाट से महाकाल मंदिर कावड़ यात्रा



**भाटापारा**- अधिकमास का समापन एवं सावन मास का प्रारंभ इस शुभ अवसर पर बाबा महाकाल मंदिर सेवकगण समिति के द्वारा कावड़ यात्रा टोहडीघाट शिवनाथ नदी से बाबा महाकाल मंदिर नगर पालिका परिसर में बाबा महाकाल का जलाभिषेक कांवड़ियों के द्वारा किया गया जिसमें लगभग 500 महिला तथा 300 पुरुष के द्वारा टोहडीघाट से जल लेकर निर्धारित मार्ग से कांवड़ यात्रा निकली गई कावड़ यात्रा के पूर्व महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना सुबह 6ः00 बजे किया गया तत्पश्चात टोहडीघाट पहुंचने के लिए समिति की ओर से महिलाओं के लिए बस की व्यवस्था किया गया था स्थानीय सेवादारों के द्वारा जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था की गई तथा मंदिर प्रांगण में श्री नंदू शर्मा द्वारा फलाहार का व्यवस्था एवं छत्तीसगढ़ इंटरप्राइजेस के संचालक द्वारा ठंडाई की व्यवस्था एवं नगर पालिका के कर्मचारी भुनेश्वर बया द्वारा खीर तथा रामाकांत तिवारी द्वारा प्रसादी में खीर पुरी का वितरण किया गया जिसे अपार भक्तों एवं कांवडियों को प्रसादी प्राप्त हुआ!!

# कुराश खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन , दुर्ग जिला कुराश एसोसिएशन एवं रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष संजय रूंगटा जी के विशेष सहयोग से आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सबजूनियर एवं सीनियर कुराश चैंपियनशिप बालक - बालिका , पुरुष - महिला का आयोजन भिलाई स्थित रूंगटा पब्लिक स्कूल में 12 अगस्त किया जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिले के टीम के खिलाड़ियों ने अपने उच्चम खेल का प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड 2 सिल्वर पदक जीतकर ,प्रदेश में रनर अप चैंपियन का स्थान हासिल किया, पदक विजेता खिलाड़ियों में कुनाल यदु , कनिष्क श्रीवास्तव , समीर घृतेश , प्रत्यक्ष दुबे ,फाल्गुनी तेहरवंश ,देविका साहू , प्रिंसी बांधे ,सेजल यदु , अवंतिका कामरी , विनीश वर्मा , रोशनी वैष्णव , स्वालेहा खान , आयुषी ध्रुव , अंकित दिवाकर , खिलाड़ियों ने अपने अपने वजन वर्ग में पदक जीता,पदक विजेता खिलाड़ियों को गरुद्वारा सिंह सभा अध्यक्ष बलवंत सिंह सलूजा , नवगठित जिला कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा , उपाध्यक्ष नरेश आर्या , कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी , सचिव। सुरेश भानुशाली , सह सचिव आदित्य सिंह नेशनल रेफरी वर्षा मिरी रमा टण्डन , शिव ध्रुव राजकुमार ध्रुव ने खिलाड़ियों ट्रैकसूट एवं टी शर्त प्रदान कर सम्मानीत किया ,शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की।



# मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए स्कूल में मतदान से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**भाटापारा।** 2 अगस्त से सभी स्थानों में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चालू है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वामी आत्मानन्द कन्या हिन्दी माध्यम पंचम दीवान शास.उच्च माध्य.विद्यालय भाटापारा में मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए स्कूल में मतदान से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मानव श्रृंखला, मतदान को लेकर विभिन्न नारें, रैली निकालना, रंगोली प्रतियोगिता ,अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा मतदान पर शपथ , आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) श्री नरेन्द्र बंजारा तहसीलदार, संस्था के प्रचार्य श्री शैलेन्द्र नामदेव थे।कार्यक्रम का संचालन श्री संतोष यादव व्याख्याता ने किया ।कार्यक्रम संस्था में स्टाफ मनीष देवांगन ,नारायण निर्मलकर,अभिषेक वर्मा, एस.एल.वर्मा,आर.आर.यदु श्रीमती टी वर्मा खुशब ठाकुर,प्रियंका ठाकुर मंजू वर्मा रेखापाल,दीपाली, ज्योति,प्रियंका साहू सुमित वर्मा आदि उपस्थित थे।

# कक्षा 4 की बच्ची ने स्कूल में हारमोनियम पर बजाया राष्ट्रगान



**भाटापारा।** शहर स्थित लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में कक्षा 4 में अध्ययनरत 8 वर्षीय अभिधा अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर्व के कार्यक्रम में हरमोनियम की धुन पर राष्ट्रगान गाकर एवं स्वयं बजाकर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया जिसे सुनकर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंजली शुक्ला जी ने बच्ची की बहुत सराहना की एवं बच्ची की क्लास टीचर आयुषी शर्मा तथा अन्य टीचर्स ने भी अभिधा को इसी तरह आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया,, बच्ची के पिता कैलाश अग्रवाल ट्रांसपोर्टर हैं।।

# प्राथमिक विद्यालय लमती में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**भाटापारा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर 15 अगस्त को शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती में आजादी की 76 वीं वर्षगाँठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मानाई गई। विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों की गरिमामय उपस्थिति में विद्यालय परिसर में ग्राम पंचायत सरपंच और ग्राम पटेल के करकमलों से ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। अपनी माटी-अपना देश के प्रति आभार प्रदर्शन के इस पावन बेला में शिक्षक कन्हैया साहू द्वारा विद्यार्थियों, स्व सहायता समूह के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित ग्रामवासियों को इस पावन पर्व के महत्व से अवगत कराया गया। विशेषकर स्वतंत्रता प्राप्ति के संघर्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम समाप्ति पर उपस्थित समस्त विद्यार्थियों व ग्रामीण जनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मुकेश वर्मा, शिक्षक कन्हैया साहू व तिरीथ राम बाँधे, सरपंच दीपक कैवर्त्य, ग्राम पटेल बेदराम ध्रुव, उपसरपंच रोहिणी ध्रुव, ग्राम पंचायत सचिव सरिता ध्रुव, पूर्व सरपंच रमा निषाद, फिरंता निषाद, भागवत निषाद, पुरसोत्तम निषाद, खेमचंद, रोहित, लल्लू ध्रुव, महेश निषाद, सुंदर निषाद, रामकुमारी, कांती निषाद, इंद्राणी यादव, दुलौरिन निषाद, अनिता, रामकली ध्रुव आदि का सहयोग सराहनीय रहा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन शिक्षक कन्हैया साहू ने किया।





प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in